22 अक्टूबर, 2024
कार्तिक, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 05

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

### नामांकन कार्यक्रम में भाजपा पर गरजे मुख्यमंत्री

# इडी और सीबीआइ भाजपा के राजनीतिक एजेंट: हेमंत

- गढ़वा में पार्टी प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर और भवनाथपुर से अनंत प्रताप देव के नामांकन कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा/भवनाथपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि इडी और सीबीआइ भाजपा के राजनीतिक एजेंट की तरह काम कर रहे हैं। हमारे लोगों को धमकाया जा रहा है। भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं। पांच साल सत्ता से दूर रहने के दौरान उन्होंने हमें काफी परेशान किया। सत्ता के लिए धन बल का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गयी, लेकिन यहां की जनता इस चुनाव में भी उन्हें सबक सिखायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को गढ़वा और भवनाथपुर में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के नामांकन के मौके पर बोल रहे थे। सोमवार को गढ़वा से झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर और भवनाथपुर से अनंत प्रताप देव ने नामांकन दाखिल किया।



### संवैधानिक संस्थाएं केंद्र सरकार की कठपुतली बनी हैं

हेमंत ने कहा कि गढ़वा में जनता रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। विपक्ष के जो भी प्रत्याशी होंगे, उनकी जमानत जब्त हो जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार हमारी सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करने जा रही है। हालांकि हमारे कार्यकाल के अभी कुछ दिन बाकी हैं। उन्होंने कहा कि यह कहीं ना कहीं चिंता का विषय है कि किसी भी सरकार को समय सीमा तक काम क्यों नहीं करने दिया जाता है। आज जिस तरीके से संवैधानिक संस्थाएं केंद्र सरकार की कठपुतली बनी हैं, वो चिंता का विषय है।

### न कभी झुका हूं, न ही झुकूंगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के विरोध में आवाज उठाने वाले को कुचलने का प्रयास किया जाता है। मुझे झूठे मामले में जेल में डाला गया, लेकिन उन्हें (भाजपा) पता नहीं कि यह शिबू सोरेन का बेटा है। जो न कभी झुका है ना कभी झुकेगा। विपक्ष ने हमारे लोगों को तोड़ने का काम किया। किसानों की आय दोगुनी करने वाले लोग आज कहां चले गये। ना किसानों की आय दोगुनी हुई, न उनका कोई और भला हुआ। हमारी सरकार ने झारखंड के किसानों की दो लाख रुपये की ऋण माफी की है। हेमंत ने कहा कि यह राज्य पिछड़ेपन और गरीबी का दंश झेल रहा है। गढ़वा इससे अछूता नहीं रहा है। यहां भी कई प्रकार की समस्याएं थीं। पूर्व की सरकार की नजरें यहां तक पहुंच नहीं पाती थी। लेकिन आज हालात पूरी तरह से बदल चुके हैं। हमारी सरकार में कोरोना की चुनौतियों से लड़ते हुए सभी क्षेत्र में विकास किया। बिजली, पानी सड़क हर क्षेत्र में काम हुए हैं। सभी को 200 यूनिट बिजली फ्री देने का काम हमारी सरकार ने किया। महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं के खाते में 1000 रुपये डाल रहे हैं। दिसंबर के महीने से 2500 रुपये महिलाओं के खाते में जायेंगे।

### भाजपा लोगों को ठगने का प्रयास कर रही: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने कार्यकाल में हमारी सरकार ने विकास की ऐसी लकीर खींची है कि उसे गिनाना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना से हर घर को लाभ हुआ है। भाजपा अब लोगों से फॉर्म भरवा रही है। लोगों को ठगने का काम कर रही है। फॉर्म मुस्लिम और मिशनरीज को नहीं, बल्कि सिर्फ आरएसएस के लोगों का भरा जा रहा है। सिर्फ हिंदू और मुस्लिम कर सत्ता प्राप्त करने का उनका यह तरीका है। वे सत्ता के बिना नहीं रह सकते हैं। हेमंत ने निष्पक्ष चुनाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा वोटों की चोरी करती है। कहीं वोट का समय बढ़ाने, तो कहीं घटाने की कोशिश कर रही है। इवीएम में भी गड़बड़ी की जा सकती है। हेमंत सोरेन ने कहा कि बाबा बंशीधर नगर की नगरी में वे पहली चुनावी सभा कर रहे हैं। बंशीधर महोत्सव को उनकी सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया। बाबा बंशीधर का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा। दोबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाया जायेगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने झामुमो पर साधा निशाना

# परिवार की पार्टी है झामुमो परिवार ही चलाता है: बाबूलाल

- चुनाव में करारी हार देखकर झामुमो लगा रहा है आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवारवाद का मतलब परिवार से ही पार्टी की पहचान और परिवार से ही पार्टी संचालित होना है। देश में कांग्रेस पार्टी की पहचान और संचालन गांधी परिवार से होता है। झारखंड में झामुमो की पहचान और संचालन शिबू सोरेन के परिवार से होता है। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की पहचान और संचालन लालू प्रसाद यादव के परिवार से होता है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की पहचान और संचालन भी मुलायम सिंह यादव के परिवार से होता है। इसे परिवारवाद कहते हैं। बाबूलाल मरांडी सोमवार धनबाद में विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक कर रहे थे।




### चुनाव आयोग से मिले होने का सबूत दे कोई

बाबूलाल ने कहा कि कोई चुनाव लड़ता है, तो कहीं ना कहीं किसी का कोई बेटा होता है। कोई बहू होती है। कोई पत्नी होती है। कोई भाई होता है। यह हो सकता है, लेकिन पार्टी का संचालन वे नहीं करते हैं। पार्टी का संचालन कार्यकर्ता करते हैं। भाजपा का एक सिस्टम है। इसी सिस्टम के तहत पार्टी का संचालन होता है। इसे परिवारवाद कहना गलत है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कुछ लोगों की नाराजगी होती है। सभी से हम लोग बात कर रहे हैं। झामुमो को यह पता है कि वह चुनाव बुरी तरीके से हार रहे हैं। इसलिए अभी से उन्होंने बहाना बनाना शुरू कर दिया है। आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि भाजपा चुनाव आयोग से मिली हुई है। कोई सबूत तो दे दे।

### पति-पत्नी बंटी और बबली हैं, लोगों को ठगा

बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए बाबूलाल ने हेमंत और कल्पना पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बंटी और बबली पति-पत्नी हैं। पांच साल इन दोनों ने झारखंड के लोगों को ठगा है। उन्होंने कहा था कि लोगों को एक साल में 72000 रुपये देंगे। पांच साल हो गये। हेमंत सोरेन ने किसी गरीब को 72000 रुपये नहीं दिये। मां बहनों को चूल्हा खर्च हर महीने 2000 रुपये देने की बात कही थी। वह भी नहीं दिया। उन्होंने बेटियों से कहा था कि शादी होने पर सोने का सिक्का देंगे। एक भी लड़की को सोने का सिक्का नहीं दिया। वृद्ध, दिव्यांग को कहा था कि ढाई हजार रुपये महीने पेंशन देंगे। किसी को नहीं दिया। नौजवानों को पांच लाख नौकरी देने की बात कही थी। अपने पिताजी की कसम खायी थी। कहा था कि पांच लाख नौकरी नहीं देने पर राजनीति से संन्यास ले लेंगे। जो व्यक्ति पिताजी की कसम खाकर पूरा नहीं करता है, उन पर कौन भरोसा करेगा।

### प्रभारियों के साथ चुनावी रणनीति पर की चर्चा

बाबूलाल लगातार विधानसभा प्रभारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को वह धनबाद पहुंचे थे। बैठक में उन्होंने चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा पार्टी के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित हो इसके लिए सभी को मजबूती के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने केंद्र सरकार उपलब्धियों को गिनाया और जनता के बीच ले कर जाने की बात कही।

# पांकी से भाजपा प्रत्याशी डॉ शशि भूषण मेहता ने भरा पर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू/पांकी।** पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने सोमवार को नामांकन किया। वह अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने अपनी जीत का दावा करते हुए कहा कि पलामू की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। पलामू भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायेगा। मेहता ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले पांच साल में सरकार ने कोई ठोस योजना नहीं चलायी। युवाओं को नौकरी देने में भी सरकार अपना वादा पूरा नहीं किया। सरकार ने किलो की दर से बालू बेचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो बालू फ्री कर देगी। शशि भूषण मेहता के साथ प्रस्तावक के रूप में आये भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने भी जेएमएम पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता झामुमो को सबक सिखायेगी।



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा लिया वापस

रांची (आजाद सिपाही)। पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। उन्होंने एक पत्र जारी कर कहा है कि मैंने पार्टी से इस्तीफा देने के लिए आवेदन किया था। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री और स्थानीय कार्यकर्ताओं के आग्रह पर मैं अपना इस्तीफा वापस लेती हूं। सांसद आदित्य साहू ने भी इस बाबत सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि आज पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने पार्टी से इस्तीफा वापस लेने का निर्णय लिया। भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के पक्ष में कार्य करने का एलान कर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया।

# झारखंड में आज जारी होगी दूसरे चरण की अधिसूचना

- 38 विधानसभा सीटों पर शुरू होगा नामांकन
- कर सकेंगे 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण की 43 सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके लिए प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। इस बीच मंगलवार को दूसरे चरण के लिए भी नामंकन की अधिसूचना जारी हो जायेगी। दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए प्रत्याशी 29 अक्टूबर तक नामांकगन कर सकेंगे। इन 38 सीटों में तीन अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, तो आठ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए। गौरतलब है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा की थी। राज्य में दो चरणों में मतदान कराया जा रहा है। राज्य की 81 विधानसभा सीटों में से 43 के लिए 13 नवंबर को मतदान होगा। वहीं, 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी।

### झारखंड में दूसरे चरण का मतदान 20 को

| चुनाव कार्यक्रम | तारीख |
|---|---|
| अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन | 22 अक्टूबर |
| नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख | 29 अक्टूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 30 अक्टूबर |
| नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि | 1 नवंबर |
| मतदान की तिथि | 20 नवंबर |
| मतगणना की तारीख | 23 नवंबर |
| चुनाव प्रक्रिया पूरी होने की तारीख | 25 नवंबर |



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 100,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड में संतुलित है भाजपा के प्रत्याशियों की सूची

## ■ बड़े नेताओं के परिजनों को टिकट देकर खेमेबंदी पर जड़ा ताला

## ■ राज्य के जातीय और सामाजिक समीकरणों का भी पार्टी ने रखा है खास ध्यान

**झारखंड में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके साथ ही चुनाव से संबंधित दूसरी रणनीतियों को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। इन सभी सियासी और प्रशासनिक गतिविधियों के बीच विभिन्न दल अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस मामले में विपक्षी एनडीए ने बढ़त बना ली है, क्योंकि भाजपा समेत उसके सभी चार घटक दलों ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देने के बाद प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है। एनडीए के सबसे बड़े घटक दल भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की सूची जारी कर साफ कर दिया है कि वह इस चुनाव को जीतने में कोई भी कसर बाकी नहीं रखनेवाली। पार्टी ने इस सूची के माध्यम से दो बड़े राजनीतिक संदेश दे दिये हैं। पार्टी ने सभी बड़े नेताओं के परिजनों को टिकट देकर प्रदेश इकाइ की खेमेबंदी को एक झटके में खत्म कर दिया है। अब पार्टी के सभी बड़े नेता अपने-अपने परिजनों को जिताने के लिए मेहनत करेंगे। इससे न केवल पार्टी को लाभ होगा, बल्कि उन नेताओं को दूसरों के खिलाफ काम करने का मौका नहीं मिलेगा। भाजपा ने प्रत्याशियों की सूची के जरिये दूसरा संदेश यह दिया है कि वह बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नये चेहरों को मौका देकर अपने बुजुर्ग नेताओं को बता दिया है कि पार्टी बदल रही है और झारखंड का चुनाव पीढ़ियों के अवसान और उदय का गवाह बनेगा। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा प्रत्याशियों की सूची के क्या हैं सियासी संदेश और इसका क्या हो सकता है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 13 नवंबर को होनेवाले पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का काम चल रहा है, जबकि 20 नवंबर को होनेवाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना अगले कुछ घंटों में जारी होनेवाली है। झारखंड की छठी विधानसभा के 81 सदस्यों को चुनने के लिए हो रहा यह चुनाव कितना महत्वपूर्ण और रोमांचक है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हर दल और गठबंधन अपनी रणनीति में किसी तरह का रिस्क लेने के लिए तैयार नहीं है। जहां तक बात विपक्षी एनडीए गठबंधन की है, तो उसने झारखंड में न केवल सीट शेयरिंग को तेजी से अंतिम रूप दे दिया, बल्कि भाजपा और उसके तमाम सहयोगी दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी। एनडीए की सीट शेयरिंग फामूर्ले में भाजपा को 68, आजसू को 10, जदयू को दो और लोजपा (आर) को एक सीट मिली है। इन सभी दलों ने प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की सूची जारी की है, जबकि आजसू ने आठ प्रत्याशी घोषित किये हैं।

भाजपा की सूची जारी होने के बाद, जैसा कि हर चुनाव में होता है, असंतोष पैदा हो गये है। कई नेताओं ने पार्टी छोड़ दी है। लेकिन भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व इस स्थिति को पहले ही भांप चुका था। इसलिए उसकी तरफ से इस तरह की असंतुष्ट गतिविधियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही है। पार्टी ने प्रत्याशियों के चयन में कई मुद्दों को ध्यान में रखा था। इसमें खास सावधानी बरती गयी है। सभी जातीय और सामाजिक समीकरणों के अलावा आरक्षित सीटों पर जीत हासिल करने के लिए विशेष रणनीति के तहत प्रत्याशियों का चयन किया गया है।



### उम्मीदवारों के चयन में सर्वे रिपोर्ट बनी आधार

इस चुनाव में भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। वर्ष 2014 से लेकर 2019 तक पांच सालों तक रघुवर दास के नेतृत्व में राज्य में भाजपा सरकार ने कार्यकाल पूरा किया। लेकिन चुनाव के ऐन मौके पर सरयू राय का टिकट काटना और आजसू पार्टी के साथ समझौता नहीं हो पाना भाजपा को महंगा पड़ा। दोनों ही दलों को 2019 के चुनाव में नुकसान उठाना पड़ा और भाजपा सत्ता से बाहर हो गयी। इसलिए इस बार पार्टी की ओर से पहले सर्वे काराया गया। अलग-अलग सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ही उम्मीदवार चयन का काम पूरा किया गया।

### बड़े नेताओं के परिजनों को मौका

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा द्वारा जारी 66 प्रत्याशियों की सूची पर नजर दौड़ाने से एक बात साफ हो जाती है कि पार्टी ने परिवारवाद के अपने मुद्दे को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। उसने झारखंड के तमाम बड़े नेताओं के परिजनों को टिकट देकर साफ कर दिया है कि अभी उसकी प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर चुनाव जीतना है। पार्टी ने बड़े नेताओं की पत्नियों, भाइयों, बेटों और बहुओं को टिकट दिया है। इसके अलावा सभी वर्गों को भी साधने की कोशिश की गयी है। इस सूची से एक बात तो साफ है कि भाजपा ने सभी बड़े नेताओं को साधने की कोशिश की है। इसका लाभ यह होगा कि अब पार्टी के सभी नेताओं को अपने परिजनों के चुनाव पर फोकस करना होगा और वे पार्टी में अपने प्रतिद्वंद्वी नेताओं को नुकसान पहुंचाने पर ध्यान नहीं दे सकेंगे। इससे पार्टी की प्रदेश इकाई में व्याप्त खेमेबंदी को खत्म करने में भी मदद मिलेगी। उदाहरण के लिए चंपाई सोरेन के साथ ही उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को भी टिकट दिया गया है, तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास को भी प्रत्याशी बनाया गया है। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा को भी मैदान में उतारा गया है, तो मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भी टिकट दिया गया है। इतना ही नहीं, सांसद ढुल्लू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो और पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह को भी मैदान में उतारा गया है। इससे साफ है कि भाजपा अपने बड़े नेताओं की नाराजगी मोल नहीं लेना चाहती थी और उनके बीच जारी प्रतिद्वंद्विता को खत्म करने का इससे अच्छा उपाय उसके पास नहीं था।

### दूसरी पीढ़ी को दिया गया अवसर

भाजपा ने प्रत्याशी चयन के जरिये दूसरा बड़ा संदेश यह दिया है कि झारखंड विधानसभा का यह चुनाव उसके लिए बदलाव का बड़ा संकेत है। यह चुनाव पीढ़ियों के अवसान और उदय का गवाह बनेगा। इसलिए पार्टी ने दूसरी पीढ़ी के कई प्रत्याशियों को मौका दिया है। भाजपा में सबसे बड़ी समस्या थी कि उसके कई बड़े नेता अपने लोगों के लिए टिकट मांग रहे थे। इसलए पार्टी ने उनकी दूसरी पीढ़ी को तवज्जो दी है। हरियाणा में भी भाजपा ने यही फामूर्ला अपनाया था, जो कामयाब रहा था। पार्टी ने अपने बुजुर्ग नेताओं को बता दिया है कि यह बदलाव का दौर है और नयी पीढ़ी के लिए उन्हें जगह खाली करनी होगी।

भाजपा के प्रत्याशियों की सूची के इन दो संदेशों के अलावा इसमें सामाजिक संतुलन का भी खास ध्यान रखा गया है। इसलिए सूची जारी होने के बाद पार्टी के भीतर उभरे असंतोष का कोई खास असर पड़ता नहीं दिखाई दे रहा है। अब इन प्रत्याशियों में कितनों को झारखंड की सबसे बड़ी पंचायत में प्रवेश का अधिकार मिलता है, यह तो 23 नवंबर को ही पता चलेगा।

# पंकज मिश्रा को हाइकोर्ट से मिली जमानत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** टेंडर मैनेज करने और साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोपी सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को झारखंड हाइकोर्ट से जमानत मिली है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, रोहित रंजन सिन्हा, अभिषेक अग्रवाल ने पैरवी की। बताते चलें कि इसके पूर्व पीएमएलए कोर्ट ने पंकज मिश्रा की जमानत याचिका दूसरी बार खारिज कर दी थी। जिसके बाद उन्होंने हाइकोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। बता दें कि सीएम के विधायक प्रतिनिधि रहे पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान इडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ रुपये भी जब्त कर चुकी है। वहीं इडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बरहरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकदी जब्त की गयी थी। इस तलाशी अभियान के दौरान, इडी ने साइट से अवैध रूप से संचालित किये जा रहे पांच स्टोन क्रशर, पांच अवैध बंदूक और कारतूस भी जब्त किये थे।

# बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी को हाइकोर्ट से राहत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के सलाहकार सुनील कुमार तिवारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न से संबंधित एवं गवाहों को धमकाने को लेकर दाखिल दो अलग-अलग प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दायर याचिका पर हाइकोर्ट ने फैसला सुनाया है। मामले में हाइकोर्ट की एकल पीठ ने सुनील तिवारी की याचिका को स्वीकृत कर लिया। एकल पीठ ने इससे संबंधित अरगोड़ा थाना में दर्ज दोनों प्राथमिकी को निरस्त कर दिया। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी जालूका ने पक्ष रखा।

**यौन उत्पीड़न और गवाहों को धमकी देने के मामले में दोनों प्राथमिकी निरस्त**

दरअसल, अगस्त 2021 में सुनील तिवारी के खिलाफ रेप एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल को लेकर खूंटी की एक लड़की ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि इस मामले में शिकायतकर्ता ने रांची की अदालत में केस वापसी के लिए याचिका दाखिल की है। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा है कि उसने आरोप की सत्यता को समझे बिना कुछ गलतफहमी के कारण प्राथमिकी दर्ज करायी है। वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ाना चाहती है।

# खूंटी कोचांग गैंगरेप: जॉन जोनस टुडू को हाइकोर्ट से मिली बेल

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** खूंटी में वर्ष 2018 में हुए चर्चित कोचांग सामूहिक दुष्कर्म मामले के सजायाफ्ता जॉन जोनस टुडू को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार को अदालत ने उसकी जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उसे बेल दे दी है। हाइकोर्ट की डबल बेंच ने उसे जमानत दी है। कोर्ट ने उसकी न्यायिक हिरासत की अवधि को देखते हुए बेल दी है। बता दें कि खूंटी के सिविल कोर्ट ने 17 मई 2019 को जॉन जोनस टुडू को सामूहिक दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सामूहिक दुष्कर्म का यह मामला साल 2018 जून महीने का है।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में कानू राम नाग को मिली राहत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा से हटाये गये पूर्व अधिकारी कानू राम नाग को थोड़ी राहत मिल गयी है। उनको सेवा से हटाने का जो दंड लिया था, उसे सरकार के अधीन आगामी नियोजन में निरर्हता, अयोग्यता नहीं माना जायेगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। कानू राम नाग पर आरोप था कि उन्होंने फर्जी अभिलेखों के आधार पर अनुसूचित जनजाति की आरक्षित श्रेणी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र बनाकर झारखंड लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजि द्वतीय असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर झारखंड प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति प्राप्त कर ली थी। जबकि वे तमाड़िया जाति के सदस्य हैं, जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है, किंतु उनके द्वारा मुंडा जाति का प्रमाण पत्र बनाकर झारखंड प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति प्राप्त की गयी। पूरे मामले में उपायुक्त पश्चिम सिंहभूम ने जांच कराके आरोप पत्र भेजा था, अंचल अधिकारी खूंटपानी व अंचल निरीक्षक व स्थानीय मुंडा परिवारों से यह बात सामने आयी कि श्री नाग का परिवार का ग्राम-दोपायी के खाता संख्या 129 के भू-भाग में स्वामित्व है तथा खतियान में जाति तमाड़िया उल्लेखित है। इस मामले में वह निलंबित हुए थे, विभागीय कार्यवाही भी चलायी गयी थी। मामला कोर्ट में भी गया। कानू राम ने भी स्वयं स्वीकार किया कि तमाड़िया जाति है लेकिन मुंडा उपजाति के रूप में होनी चाहिए। मामले में जाति छानबीन समिति ने भी समीक्षा की। यह बात सामने आयी कि नियुक्ति परीक्षा और योगदान की तिथि तक तमाड़िया मुंडा की उपजाति नहीं थी और न ही यह संविधान में कहीं है। हालांकि, इसे बाद में 2022 में अधिसूचित किया गया।

# 30 मई की तिथि से ही साधना जयपुरियार की गयीं निलंबित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी साधना जयपुरियार को तीन माह पहले की तिथि से निलंबित किया गया है। उनका निलंबन 30 मई 2024 की तिथि से अगले आदेश तक किया गया है। दरअसल, उपायुक्त लातेहार ने 2 मई 2024 के पत्रांक से यह सूचित किया था कि मनिका कांड संख्या 76,2010 की सुनवाई के बाद अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने एक मामले में 30 मई 2024 की तिथि से तत्कालीन




बीडीओ मनिका को तीन माह का सश्रम कारावास एवं 50,000 जुर्माना की सजा सुनायी है। इसी आलोक में कार्मिक विभाग ने उन्हें निलंबित किया है। इस अवधि में उनका मुख्यालय दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल रांची रहेगा। इस दौरान सिर्फ उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता मिलेगा।

# झारखंड विधानसभा चुनाव : अर्द्धसैनिक बल के 11 हजार जवान रहेंगे तैनात

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा हो गयी है। राज्य में दो चरणों में चुनाव होगा। पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा। वहीं चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। तारीखों की घोषणा के बाद झारखंड पुलिस भी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है, ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके। इसको लेकर झारखंड में 119 कंपनी (11 हजार जवान) अर्धसैनिक बल की तैनाती होगी। जिनमें से 91 अर्धसैनिक बल की कंपनियां झारखंड आ गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की थी।

### एक जिले में तीन से पांच कंपनी अर्धसैनिक बल की होगी तैनाती

तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल एक-एक जिला को मिल सकेगा। इन बलों को फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, चेकिंग आदि के कार्यों में लगाया जायेगा, ताकि आमजनों में यह विश्वास जगे कि चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद है।



**जानें अर्धसैनिक बल की कितनी कंपनियां होंगी तैनात**

बीएसएफः 43
सीआरपीएफः36
आइटीबीपीः 15
सीआइएसएफः 10
एसएसबीः 15
कुलः 119

### राज्य में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था लोकसभा चुनाव

बता दें कि झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया गया था। झारखंड पुलिस ने अपनी विशेष रणनीति के बल पर नक्सलियों की तमाम हिंसा की साजिश को नाकाम कर शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया था। अब झारखंड पुलिस के सामने विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने की चुनौती है। झारखंड पुलिस का मानना है कि चुनाव में नक्सली हिंसा पुरानी बात हो गयी है। विधानसभा चुनाव में भी झारखंड पुलिस बेहतर काम करेगी।

# ऊर्जा विभाग से 100 करोड़ से अधिक की फर्जी निकासी मामले में इडी ने दर्ज की इसीआइआर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विभाग के अलग-अलग बैंक खातों से एक सौ करोड़ से अधिक की फर्जी निकासी से जुड़े मामले में इडी ने इसीआइआर दर्ज की है। इडी मनी लॉड्रिंग के तहत इस मामले की जांच करेगी। गौरतलब है कि झारखंड पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (जेटीडीसी) के नाम पर फर्जी खाता खोलकर उसमें 10.40 करोड़ ट्रांसफर करने का मामला सामने आया था। इसको लेकर धुर्वा थाना में गिरजा प्रसाद,

**इडी मनी लॉड्रिंग के तहत इस मामले की जांच करेगी**




आलोक कुमार और अमरजीत कुमार के खिलाफ मामला दर्ज है। वहीं तीन अक्टूबर को झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम फाइनेंस द्वारा 10.4 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट द्वारा नौ करोड़ की धोखाधड़ी कर फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायी गयी थी। इसके बाद चार अक्टूबर को झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड ने 40.5 करोड़ और झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मास्टर ट्रस्ट ने 56.5 करोड़ की राशि का फर्जी अकाउंट से निकासी की शिकायत पोर्टल पर दर्ज करायी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.8 °c | 21.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.48 बजे |



## आरोप : हेमंत सरकार ने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया

# झारखंड के विद्यार्थियों को पूरा न्याय देंगे : शिवराज

- गठबंधन सरकार में बार-बार पेपर लीक हुआ
- भाजपा की सरकार बनने पर कैलेंडर बनाकर हम पहले साल में डेढ़ लाख पद भरेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि जो अन्याय झारखंड के विद्यार्थियों के साथ हुआ है। युवाओं के साथ हुआ है। उसकी मिसाल पूरे हिंदुस्तान में कहीं देखने को नहीं मिलती। कहा कि हेमंत सरकार में बार-बार पेपर लीक, उसके पीछे भी षड़यंत्र, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है।

कहा कि बच्चों ने बताया वर्षों से इंतजार कर रहे हैं, माता-पिता पेट काट के इस आस में पढ़ाते हैं कि यह एग्जाम देंगे, सिलेक्ट होंगे और नौकरी करेंगे। लेकिन बार-बार इन छात्रों के साथ धोखा किया गया। यहां भेदभाव नहीं हुआ बेईमानी हुई है। अंधा बांटे रेवड़ी चीन-चीन के देय। इसलिए छात्र आक्रोशित हैं। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प है, विद्यार्थियों को छात्रों को न्याय देने का। कहा कि भाजपा बच्चों को न्याय देने के लिए प्रतिबद्ध है, बेईमानी पूर्वक अगर कोई परीक्षा हुई है तो उसके रिजल्ट क्यों घोषित होना चाहिए? कहा कि जांच करके जिन्होंने बार-बार पेपर लीक किया है वह जेल जायेंगे। भारतीय जनता पार्टी का ये संकल्प है कि जो 2 लाख 87 हजार पद हैं वह कैलेंडर बनाकर हम पहले साल में डेढ़ लाख पद भरेंगे और बाकी पद भी हम कैलेंडर घोषित करके कब एग्जाम होगा, कब रिजल्ट आयेगा और कब नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे, हम तय करेंगे।

# मंईयां योजना से आधी आबादी के चेहरे पर मुस्कान आयी है: कल्पना

- बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में सभा को गांडेय विधायक ने संबोधित किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नावाडीह (बेरमो)।** नावाडीह के बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में सोमवार को आयोजित सभा को संबोधित करते हुए झामुमो नेत्री और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि अपने क्षेत्र सहित पूरे झारखंड का चहुंमुखी विकास करने के लिए राज्य में फिर से हेमंत सोरेन सरकार को लाना होगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्री बेबी देवी ने मां, बहनों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू कर आधी आबादी के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम किया है। क्षेत्र में अनेक विकास योजनाओं की स्वीकृति मिल चुकी है और बाकी अधूरे कार्य भी पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र से राज्य का 1,36,000 करोड़ बकाया राशि की मांग की जाती रही है। वह राशि मिलने पर राज्य का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा। आने वाले विधानसभा चुनाव में मंत्री और झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी को समर्थन देकर फिर से विधायक बनायेंगे। ताकि फिर से मंत्री बनकर क्षेत्र के बाकी सारे विकास योजनाओं को पूरा कराने का काम करेंगी। सभा को जयनारायण महतो, हीरालाल मांझी, यदु महतो, प्रमुख पूनम देवी, मुखिया नरेश कुमार विश्वकर्मा, बालेश्वर महतो, शाहिद अंसारी, विश्वनाथ महतो, तापेश्वर महतो आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख पूनम देवी और संचालन प्रखंड सचिव सोनाराम हेंब्रम ने किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
| --- | --- |
| मेष | लंबे समय से चली आ रही चिंताओं से मुक्ति मिलेगी, नौकरी-व्यापार में उन्नति होगी। |
| वृष | घर-गृहस्थी में सुखद और आपसी सामंजस्य का वातावरण रहेगा, परिश्रम से संकल्पित काम पूरे होंगे। |
| मिथुन | आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति। नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है। |
| कर्क | अनायास काम बनेंगे, आर्थिक स्थिति सुधरेगी, मान-सम्मान मिलेगा, नये लोगों से संपर्क। |
| सिंह | उत्साह के साथ-साथ आमदमनी विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास। |
| कन्या | व्यापार-व्यवसाय में उन्नति, कामकाज अच्छा चलेगा। धनागम के अवसर बढ़ेंगे। |
| तुला | नौकरी में स्थानातंरण अथवा अधिकारियों के साथ मतभेद होने की संभावना। |
| वृश्चिक | संतान, परिवार तथा स्वजन मित्रों से सम्पर्क ठीक रहेगा, रोजगार-व्यापार के क्षेत्र में सफलता। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए प्रगतिकारक रहेगा, निराशा दूर होगी, बिगड़े कार्य बनेंगे। |
| मकर | थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे, वाहन सुख,यात्रा सुखद, धन लाभ के अवसर बनेंगे। |
| कुंभ | अव्यवस्थित दिनचर्या, शारीरिक कष्ट, वाहन दुर्घटना भय, खर्च अधिक होगा। |
| मीन | मानसिक चिंता बढ़ेगी, दुष्ट लोगों की संगति कष्टकारी सिद्ध होगी, दिमागी तनाव रहेगा। |

# भाजपा में कोई परिवारवाद नहीं है, अन्य दलों में पति-पत्नी और भाई चुनाव लड़ते हैं: हिमंता

- चंपाई सोरेन हमारी पार्टी में नये-नये आये हैं और ज्वॉइनिंग के वक्त उनसे कुछ बातें हुई थीं, आश्वासन दिया गया था, जिन पर अमल किया गया है

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने भाजपा में हो रहे पाला बदल और पार्टी पर लग रहे परिवारवाद के आरोपों को खारिज किया। सोमवार को रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी की सूची जारी होने के बाद झारखंड में यह इतिहास रहा है कि कुछ असंतुष्टि नजर आती ही है और कुछ इस्तीफे मिलते हैं। हमारे पास यही संकेत आ रहे हैं कि चुनाव को लेकर लोग बहुत उत्साहित हैं, ज्यादा लोगों में असंतुष्टि नहीं है। सरमा ने कहा कि लोग नामांकन के काम में लग गये हैं, थोड़ी बहुत जो लोगों में असंतुष्टि है, वह स्वाभाविक है। जिनके भी मन में खेद और दुख है, उससे हम बात कर लेंगे। हर पॉलिटिकल पार्टी में टिकट अनाउंसमेंट के बाद 2-3 दिनों तक असंतुष्टि होती है इसलिए मैं इसमें कोई भी टिप्पणी नहीं करूंगा। हिमंता बिस्वा सरमा ने अपने संबोधन में प्रेस से कहा कि अभी युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। हमारा मेनिफेस्टो है, हमारा संकल्प है, उसको लेकर हम जनता के बीच में जायेंगे और एनडीए को जनता विजयी बनायेगी। विश्वास है, हमारे पार्टी में कोई परिवारवाद नहीं है। अर्जुन मुंडा चुनाव नहीं लड़ रहे हैं इसलिए उनकी पत्नी को टिकट दिया गया है, उसी तरह रघुवर दास चुनाव नहीं लड़ेंगे इस कारण उनकी बहू पूर्णिमा को टिकट मिला है। बिना झामुमो का नाम लिये हिमंता ने कहा कि हमारी पार्टी में ऐसा नहीं है कि बीवी भी चुनाव लड़ रही है, पति भी चुनाव लड़ रहे हैं और उनका भाई भी चुनाव लड़ रहा है। ऐसा हमारी पार्टी में नहीं है। चंपाई सोरेन हमारी पार्टी में नये-नये आये हैं और ज्वॉइनिंग के वक्त उनसे कुछ बातें हुई थीं, आश्वासन दिया गया था, जिन पर अमल किया गया है। सरमा ने कहा कि चंपाई सोरेन को थोड़ा अलग तरीके से देखना होगा क्योंकि वो पहले बीजेपी में नहीं थे। चंपाई सोरेन के बेटे को छोड़ दें, तो हमारी पार्टी में कोई परिवारवाद नहीं है। हिमंता ने कहा कि बरहेट और टुंडी सीट पर जल्द उम्मीदवार घोषित कर दिये जायेंगे। इसका चुनाव दूसरे फेज में होने का है इसलिए पूरा समय लेकर हम इन सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करेंगे। हमलोग चर्चा कर रहे हैं, धीरे-धीरे पिक्चर क्लीयर हो जायेगी तो हम लोग अनाउंस कर देंगे। कोई-कोई व्यक्ति टिकट अनाउंसमेंट की बात मान लेते हैं और बहुत सारे हैं जो नहीं मानते हैं, तो ये एक नेचुरल प्रोसेस है। जो लोग भाजपा के हैं, वो मान जायेंगे और जिसके मन में है कि टिकट नहीं मिलने से हम पार्टी में काम नहीं करेंगे, वो चले जायेंगे। हमारे इतने उम्मीदवार हैं, ज्यादा बगावत नहीं हुई है।

# प्रचार अभियान का नेतृत्व करेंगे शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन

- 33 स्टार प्रचारकों के लिए झामुमो ने निर्वाचन आयोग से मांगी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** विधानसभा चुनाव के लिए झामुमो ने अपना स्टार प्रचारक तय कर लिया है। इनमें पार्टी के मुख्य स्टार प्रचारक केंद्रीय अध्यक्ष और सांसद शिबू सोरेन सहित कुल 33 लीडर्स शामिल किये गये हैं। शिबू सोरेन झारखंड के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान को नेतृत्व प्रदान करेंगे। इसके अलावा सीएम हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, स्टीफन मरांडी, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बैजनाथ राम, मथुरा प्रसाद महतो, सुदिव्य कुमार सोनू, बेबी महतो, सुखराम उरांव जैसे लीडर्स भी शामिल किये गये हैं। सांसद विजय हांसदा, जोबा मांझी, महुआ माजी के अलावा पार्टी नेता अभिषेक पिंटू, राजू गिरी, सुनील श्रीवास्तव, प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य समेत अन्य का नाम भी लिस्ट में शामिल किया गया है। पार्टी महासचिव विनोद पांडेय ने भारत निर्वाचन आयोग की इसकी सूचना देते स्टार प्रचारक लिस्ट पर स्वीकृति प्रदान करने तथा इनके द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली गाड़ियों का झारखंड के अंदर परिचालन की अनुमति के लिए पास निर्गत करने की भी अपील की है।

## अजय सिंह बने झारखंड के डीजीपी



**रांची (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया डीजीपी बनाया है। इससे संबंधित आदेश सोमवार की दोपहर चुनाव आयोग ने जारी कर दिया। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 19 अक्टूबर को झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि डीजीपी अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाकर कैडर में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी अधिकारी को प्रभार सौंपे। इसके बाद अजय कुमार सिंह को प्रभारी डीजीपी बनाया गया था। साथ ही आयोग ने राज्य सरकार से सोमवार सुबह दस बजे तक पद के लिए विचार किये जाने वाले सीनियर आइपीएस अधिकारियों का एक पैनल भेजने को भी कहा था। इस पैनल के आधार पर अजय कुमार सिंह का चयन करते हुए सोमवार को डीजीपी नियुक्ति कर दिया गया।

# बाटुल और मिस्त्री सोरेन ने दिया भाजपा से इस्तीफा

आजाद सिपाही संवाददाता




**जामताड़ा।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की सूची जारी होने के बाद पार्टी नेताओं के इस्तीफा का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब सोमवार को जामताड़ा कोर्ट परिसर में राज्य के पूर्व कृषि मंत्री और नाला से विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने प्रदेश अध्यक्ष को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा भेज दिया है। वहीं महेशपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। मिस्त्री सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखे पत्र में कहा है, मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही तमाम पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। दूसरी तरफ पूर्व कृषि मंत्री और नाला से विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने प्रदेश अध्यक्ष को पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा भेज दिया। पत्रकारों से बात करते हुए सत्यानंद झा ने कहा कि मैं माधव चंद्र महतो को टिकट देने से नाराज नहीं हूं, बल्कि पार्टी के गलत कार्यकलाप से नाराज हूं। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में दशकों से पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता नाला में मौजूद हैं। उसके बावजूद भी पार्टी ने एक ऐसे शख्स को टिकट दिया है जिसे ना तो दल बदलने में देरी लगती है और ना ही विश्वास घात करने में। उन्होंने कहा कि पार्टी को अगर मुझे टिकट नहीं देना था तो कम से कम ऐसे कार्यकर्ता को टिकट मिलना चाहिए जो कई दशक से पार्टी का झंडा ढो रहे हैं और पार्टी के लिए समर्पित हैं तथा उनकी क्षमता है विधायक बनने की। परंतु पार्टी ने इन सभी मुद्दों को दरकिनार कर उस शख्स के हाथ में टिकट थमा दिया जिसके वजह से पार्टी नाला विधानसभा में दो बार हर का मुंह देख चुकी है। बाटुल झा ने कहा कि अपने समर्थकों और विधानसभा क्षेत्र की जनता से विचार विमर्श करने के उपरांत आगे का निर्णय लूंगा। समर्थक और कार्यकर्ता जो चाहेंगे उसी हिसाब से आगे की रणनीति तय होगी। उन्होंने कहा कि अपने इस गलत नीति के वजह से भारतीय जनता पार्टी पूरे संथाल परगना क्षेत्र में बहुत ही दुर्गति की ओर बढ़ रही है।

# मीरा मुंडा ने मेनका सरदार से लिया आशीर्वाद





सानग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवी बलराम सरदार के असामयिक निधन पर उनके घर पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त करतीं मीरा मुंडा।

- राजू-गणेश और मनोज सरदार से मिलीं, दूर हुआ गिला-शिकवा

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पोटका विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा मुंडा ने सोमवार को पोटका की तीन बार की विधायक रह चुकीं मेनका सरदार से मुलाकात कर पांव छूकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं मेनका सरदार ने अपनी सभी नाराजगी भूलकर मीरा को गले लगा लिया और मीरा की जीत के लिए प्रचार अभियान में शामिल होने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने पोटका विधानसभा क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ताओं से मिलकर चर्चा की। मीरा मुंडा ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उपेंद्र सिंह सरदार, गणेश सरदार और मनोज सरदार से भी मुलाकात की और उनसे विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को जिताने की अपील की। इसके अलावा, मीरा मुंडा ने पोटका के सानग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया और समाजसेवी बलराम सरदार के असामयिक निधन पर उनके घर पर जाकर शोक संतप्त परिवार से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विभीषण सरदार, जिला मंत्री मनोज राम, जिला मंत्री जितेंद्र राय, पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप कुमार दे, पूर्व जिला मंत्री शिखा राय चौधरी उपस्थित थे।

## रिम्स के डॉक्टर ने प्रेमिका संग छत से कूद कर की आत्महत्या

**रांची (आजाद सिपाही)।** रिम्स में डॉक्टर ने छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मृतक डॉक्टर आकाश अपनी प्रेमिका के संग हॉस्टल के छत पर बैठकर बातचीत कर रहा था। उसी दौरान डॉक्टर और उसकी प्रेमिका के बीच विवाद हुआ और दोनों ने छत से कूद कर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसमें डॉक्टर की घटनास्थल पर मौत हो गयी। मृतक डॉक्टर आकाश एमबीबीएस की पढ़ाई करने के बाद ऑर्थोपेडिक डिपार्टमेंट में पीजी सेकंड ईयर में पढ़ाई कर रहा था। वहीं घायल लड़की का नाम पल्लवी है। छत से छलांग लगाने के बाद पल्लवी की कंधे की हड्डी टूट गयी है, हालांकि वह खतरे से बाहर है।

## झारखंड विधानसभा 2024 में मात्र 3 मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा

# सुप्रियो भट्टाचार्य के आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे : के रवि कुमार

- आयोग को है मतदान का समय निर्धारित करने का कानूनन अधिकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सुप्रियो भटाचार्य के द्वारा लगाये गये चुनाव आयोग पर धांधली के आरोप पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सुप्रियो भट्टाचार्य के द्वारा मतदान के समय को लेकर लगाये गये आरोप बेबुनियाद और तथ्यों से परे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा 2024 में मात्र 3% मतदान केंद्रों पर ही शाम 4 बजे तक मतदान होगा। झारखंड विधानसभा 2014 में 89% एवं 2019 में 63% मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ था। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के कम समय को लेकर लगाये गये आरोप के संदर्भ में तथ्य निम्नानुसार हैं।

राज्य में कुल 29,562 मतदान केंद्र हैं, जिसमें से ग्रामीण क्षेत्रों में 24,520 मतदान केंद्र हैं और शहरी क्षेत्र में 5,042 मतदान केंद्र हैं। 981 नक्सल प्रभावित ग्रामीण मतदान केंद्रों को छोड़कर, 23,539 ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में एवं सभी शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से सायं 5 बजे तक का है। 2014 एवं 2019 के विधानसभा चुनावों में 89% (22,132) एवं 63% (18,555) मतदान केंद्रों पर मतदान का समय प्रातः 7 बजे से सायं 3 बजे तक रखा गया था। इस बार मात्र 3% (981) मतदान केंद्रों पर प्रातः 7 से सायं 4 बजे का समय रखा गया है, जो आयोग के विशेष प्रयासों से ही संभव हुआ है। मतदान के समय का पर्याप्त प्रचार होता है। मतदान समाप्ति का समय कोई भी हो, उस समय कतार में खड़े समस्त मतदाता को मतदान करने का पूर्ण अवसर मिलता है। वहीं उन्होंने कानूनी प्रावधान का जिक्र करते हुए कहा कि आयोग को धारा 56 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में मतदान का समय निर्धारित करने का कानूनन अधिकार है। यह समय 8 घंटे से कम नहीं हो सकता है।

आयोग मतदान का समय निर्धारित करने से पूर्व अपनी राज्य की यात्रा के दौरान राजनीतिक पार्टियों, ज़िला प्रशासन, राज्य प्रशासन से क्षेत्र के सुरक्षा संबंधी ऐतिहासिक और वर्तमान मसलों पर गौर करता है। इस के अतिरिक्त क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, सड़क नेटवर्क, ऋतु अनुसार सूर्यास्त के समय को भी ध्यान में रखा जाता है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी ज़िला प्रशासन से इस संबंध में लिखित अनुशंसा लेकर आयोग को भेजा जाता है। नक्सल प्रभावित या नक्सली इतिहास वाले ग्रामों या ग्राम समूहों के लिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि पोलिंग पार्टी सूर्यास्त के पूर्व मतदान की कार्यवाही संपन्न कर सुरक्षित लौट आयें।

इन दूरस्थ मतदान केंद्रों पर औसतन मतदाता अन्य शहरी और ग्रामीण मतदान केंद्रों से कम ही रहते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार को कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। इसे लेकर अब तक कुल 25 लोग अपनी उम्मीदवारी का पर्चा दाखिल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर अभी तक छह प्राथमिकी दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी को भी, कहीं से भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का कोई मामला मिलता है, तो वह अविलंब निर्वाचन आयोग के एप सी विजिल पर उसे अपलोड करें। निर्वाचन आयोग 100 मिनट के भीतर उसपर संज्ञान लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# लुइस मरांडी समेत कई भाजपा नेताओं ने थामा झामुमो का दामन

## हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने पार्टी का अंगवस्त्र देकर दिलायी सदस्यता, लुइस मरांडी जामा से हो सकती हैं प्रत्याशी





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ लुइस मरांडी ने सोमवार देर रात सीएम हेमंत सोरेन से रांची में मुलाकात की। संभव है कि उन्हें जामा से टिकट मिल जाये जहां से झामुमो के टिकट पर सीता सोरेन लगातार जीतती रही हैं। चूंकि दुमका से हेमंत के छोटे भाई और पूर्व मंत्री बसंत सोरेन का टिकट तय माना जा रहा है। ऐसे में जामा के लिए सीता के विकल्प के तौर पर उन्हें टिकट मिल सकता है। बता दें इससे पहले लुइस मरांडी ने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को चिट्ठी लिख कर औपचारिक जानकारी दे दी है। इसमें उन्होंने भाजपा से अपना सियासी सफर शुरू करने और 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्हें मौका देने तथा मंत्री बनाने के लिए आभार जताया है। साथ ही आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में आंतरिक अनुशासन कमजोर हुआ है। निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया जा रहा है। झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं सीता सोरेन को निशाने पर लेते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान उन पर जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाये थे। इसके बाद उन्हें अपेक्षा थी कि पार्टी के लीडर इस पर पहल करेंगे पर ऐसा हुआ नहीं। लुइस के मुताबिक उन्हें 2024 के विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की ओर से तैयारी करने को कहा गया था पर उनकी उपेक्षा हुई। ऐसे में अब वे भारी मन से पार्टी से इस्तीफा दे रही हैं।

### इन भाजपा नेताओं ने थामा जेएमएम का दामन

झामुमो के निति-सिद्धांत, पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के मार्गदर्शन एवं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व पर आस्था व्यक्त करते हुए भाजपा की पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक लुइस मरांडी, पूर्व विधायक घाटशिला लक्ष्मण टुडू, पूर्व विधायक बहरागोड़ा कुणाल षाड़ंगी, सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी गणेश महली, पूर्वी सिंहभूम के भाजपा जिलाध्यक्ष बारी मुर्मू, भाजपा नेता बास्को बेसरा पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सभी को पार्टी का अंगवस्त्र पहना कर पार्टी में शामिल किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय और बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती उपस्थित थे।

# राज्यपाल से मिले डॉ अरविंद देशमुख और डॉ रूपा वर्मा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार देशमुख एवं झारखंड राज्य के अध्यक्ष डॉ रूपा वर्मा ने सोमवार को झारखंड राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर झारखंड राज्य में जैव प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में वार्ता की। राज्यपाल ने इस वार्ता में अपना समर्थन व्यक्त किया और आगे इस पर कार्य करने पर जोर दिया। इस मौके पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा एसजे, डॉ पुरुषोत्तम कुमार एवं एमबीएसआइ के डॉ एस देशमुख भी उपस्थित थीं।

# प्रिया सेल्स ने मनायी आठवीं वर्षगांठ ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के हरमू बायपास रोड स्थित प्रिया सेल्स ने सोमवार को अपनी आठवीं वर्षगांठ मनायी। इस अवसर पर शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शोरूम के निदेशक कुमार प्रशांत गुप्ता ने कहा कि हमारे शोरूम में इलेक्ट्रॉनिक्स, होम अप्लायंसेज, एलइडी टीवी सहित अन्य सामान की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। सोनी, सैमसंग, एलजी, सिंफनी, बजाज, आइफबी सहित विभिन्न ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि 8 वर्षों में हमने ग्राहकों के बीच अलग पहचान बनायी है। यह सब ग्राहकों के भरोसे के कारण ही हुआ है। प्रिया सेल्स अपनी आठवां वर्षगांठ और दीपावली एवं छठ पर आकर्षक ऑफर एवं उपहार के साथ डिस्काउंट दे रहा है।

# झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड को दो प्रतिष्ठित पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ/रांची।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड को फ्रंटियर्स इन कोऑपरेटिव बैंकिंग अवार्ड्स 2024 में दो प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। बैंक की अध्यक्ष बिभा सिंह को बेस्ट कोऑपरेटिव बैंक अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि संजय कुमार सिंह, आइटी प्रमुख को लीडरशिप अवार्ड आइटी हेड ऑफ द इयर से सम्मानित किया गया। बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ब्रजेश्वर नाथ ने इस अवसर पर उपस्थित देश के सभी सहकारी बैंकों के प्रतिनिधियों को बैंक के विषय में जानकारी दी। झारखंड राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड वर्तमान में अपनी 105 शाखाओं और 03 क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ राज्य में कार्यरत है, जिसका मुख्यालय रांची में अवस्थित है। बैंक ने राज्य के सभी 4447 लैंपस/पैक्स की झारखंड राज्य सहकारी बैंक के साथ संबद्धता का कार्य पूर्ण कर लिया है। बैंक द्वारा डीबीटी, आरटीजीएस/एनइएफटी, सीटीएस, इसीएस/एमएमएस, पीएफएमएस आदि सुविधाएं अन्य व्यावसायिक बैंकों की भांति दी जा रही हैं।

साथ ही बैंक द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के द्वारा तय मानकों के अनुरूप साइबर सुरक्षा के सभी मानकों को अधिष्ठापित किया गया है। बैंक लगातार चार वर्षों से लाभ अर्जित कर रहा है, बैंक द्वारा आमेलन के उपरांत संचित हानि को वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण रूप से खत्म कर लिया गया है तथा बैंक द्वारा शुद्ध लाभ अर्जित किया जा रहा है। बैंक का नेट एनपीए 2.76 प्रतिशत, लाभ 66.68 करोड़ रुपये और सीडी रेशियो 47.03 प्रतिशत (31 मार्च 2024 के अनुसार) है।

# अब 21 दिसंबर को होगा बिजारे 2024

**रांची (आजाद सिपाही)।** आइआइसीसी और आइआइएनआइएफडी संस्थान के द्वारा आयोजित होने वाला बिजारे 2024 जो कि आगामी 27 अक्टूबर को होने वाला था उसकी तिथि बढ़ाकर अब 21 दिसंबर कर दी गयी है। कार्यक्रम पूर्व की भांति रैडिशन ब्लू में ही होगा। विधानसभा चुनाव की वजह से आचार संहिता लागू हो गयी है साथ ही डीसी एवं एसडीओ का आर्डर नहीं मिला। जिस कारणवाश शो के डेट को आगे बढ़ा दिया गया है।




# कुमकुम, केदार समेत कई भाजपा नेता हुए लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के समक्ष विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के कई नेताओं ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही, प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साव ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराया। सदस्यता ग्रहण करने वालों में बरकट्ठा विधानसभा से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केदार साव, गिरिडीह से भुवनेश्वर महथा, गांडेय से कामेश्वर साव, रांची से अरुण कुमार गुप्ता और गौरव विशाल, मांडू से जागो साव, हजारीबाग से निर्मल साव और किरण देवी समेत कई लोग शामिल रहे।



मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है और सभी के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को नजरअंदाज करते हुए सामाजिक भेदभाव को लगातार बढ़ावा दे रही है। विशेष कर डबल इंजन की सरकार एससी-एसटी और ओबीसी के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन करती आ रही है तथा साम्प्रदायिक उन्माद फैला रही है। लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड में ऐसा होने नहीं देगी।

# कांग्रेस के लिए कांके सीट जीतना मुश्किल: अल्ताफ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड अलग होने के बाद से ही कांके विधानसभा की सीट कांग्रेस को मिली है, लेकिन एक बार भी कांग्रेस जीत नहीं पायी है। इस सीट पर 24 साल से भाजपा का कब्जा है। इस सीट पर अब जेएमएम ही जीत सकता है। उक्त बातें झारखंड छात्र मोर्चा डीएसपीएमयू के सचिव सह आइटी सेल सदस्य अल्ताफ राजा ने कहीं। कांके (एससी) विधानसभा में एससी मतदाताओं की संख्या लगभग 40,000 है



जिसमें कांग्रेस को लगभग 25000 वोट मिले थे। कांके विधानसभा में आदिवासी मतदाताओं की संख्या लगभग 1,30,000 है जिसमें कांग्रेस को उनके लोकल लोगों का लगभग 15,000 वोट मिले थे। कांके विधानसभा में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या लगभग 98,000 है। जिसमें कांग्रेस को लगभग 55,000 वोट मिले थे और 1-2 हजार इधर उधर से मिले थे। ये सभी परिणाम देखने के बाद यही पता चलता है कि आदिवासी का वोट कांग्रेस को नहीं मिलता है और अगर कांके विधानसभा से झामुमो को टिकट मिलता है तो आदिवासी, मुस्लिम का पूरा वोट झामुमो को मिलेगा।

# झारखंड से दी गयी थी सलमान खान को धमकी

**रांची।** अभिनेता सलमान खान को झारखंड से धमकी दी गयी। गौरतलब है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मुंबई ट्रैफिक पुलिस के व्हाट्सएप नंबर पर एक धमकी भरा मैसेज आया है, जिसमें अभिनेता सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की मांग की गयी है। भेजने वाले ने दावा किया, इसे हल्के में न लें, अगर सलमान खान जिंदा रहना चाहते हैं और लॉरेंस बिश्नोई से दुश्मनी खत्म करना चाहते हैं तो उन्हें 5 करोड़ रुपये देने होंगे। जांच शुरू होने के बाद मुंबई पुलिस को मैसेज भेजने वाले की लोकेशन झारखंड में मिली है। मुंबई पुलिस की एक टीम झारखंड आकर मामले की जांच करेगी।

# सैमफोर्ड हॉस्पिटल में थ्री टेस्ला एमआरआइ मशीन का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोकर स्थित सैमफोर्ड हॉस्पिटल में अत्याधुनिक थ्री टेस्ला एमआरआइ मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हेल्थ सेक्रेटरी अजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि डीआइजी नौशाद आलम एवं ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल मौजूद थे। यह थ्री टेस्ला एमआरआइ मशीन मस्तिष्क, रीढ़, जोड़ों और हड्डियों के नरम टिशू की स्पष्ट इमेजिंग के लिए जानी जाती है, जो चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सैमफोर्ड हॉस्पिटल के रेडियोलॉजी इंचार्ज, डॉ रहमान ने बताया कि अस्पताल में रेडियोलॉजी से संबंधित सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।



उन्होंने कहा कि अस्पताल पूरी प्रतिबद्धता के साथ मरीजों की देखभाल करता है और अत्याधुनिक तकनीक और सेवाओं से सुसज्जित है। कार्यक्रम में डॉ धनंजय ओझा, डॉ घनश्याम सिंह, अनुराग सिंघानिया, आयुष खेमका, भानु प्रताप सिंह, डॉ विनीत राज, डाक्टर विकास और डॉ विशाल राज, जीएम दिवाकर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

# जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने यूनिसेफ के साथ मिलकर युवा जुड़ाव, बाल अधिकार और जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता सत्र आयोजित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) रमन कुमार झा ने यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा और यूनिसेफ झारखंड की टीम का स्वागत किया। उन्होंने यूनिसेफ के कामकाज के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से शहर में कूड़े के ढेर को साफ करने के लिए ब्लैक सोल्जर फ्लाई प्रोजेक्ट का इस्तेमाल किया जा सकता है।



कार्यक्रम की शुरूआत रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) जे.बी. पटनायक के स्वागत भाषण से हुई। यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख डॉ. कनिनिका मित्रा ने बच्चों के अधिकार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को प्रेरित किया। यूनिसेफ झारखंड की संचार विशेषज्ञ आस्था अलंग ने युवा सहभागिता और बाल अधिकार पर जानकारी दी। डीन (छात्र कल्याण) डॉ. एस. चौधरी ने यूनिसेफ की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ऋषि कुमार श्रीवास्तव, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख ने बताया कि यूनिसेफ झारखंड और विश्वविद्यालय बहुत जल्द ही एक सहयोग पर काम करने जा रहे हैं। कार्यक्रम में यूनिसेफ की ओर से कुमार प्रेमचंद और देबांजलि मंडल भी मौजूद थीं। आइसीएफएआइ विश्वविद्यालय झारखंड के संकाय, कर्मचारी और छात्रों ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



### झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की 21 उम्मीदवारों की पहली सूची

# हटिया से अजय नाथ शाहदेव को मिला टिकट

## रामगढ़ से ममता देवी, खिजरी से राजेश कच्छप, मांडर से शिल्पी नेहा तिर्की, बेरमो से कुमार जयमंगल सिंह और लोहरदगा से रामेश्वर उरांव प्रत्याशी घोषित







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की पहली सूची जारी कर दी गयी है। पहले फेज में 21 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। जामताड़ा से डॉ इरफान अंसारी, जरमुंडी से बादल पत्रलेख, पोड़ैयाहाट से प्रदीप यादव, महगामा से दीपिका पांडेय सिंह, बड़कागांव से अंबा प्रसाद साहू, रामगढ़ से ममता देवी, मांडू से जयप्रकाश पटेल, हजारीबाग से मुन्ना सिंह, बेरमो से कुमार जयमंगल सिंह, झरिया से पूर्णिमा नीरज सिंह, बाघमारा से जलेश्वर महतो, जमशेदपुर ईस्ट से अजय कुमार, जमशेदपुर वेस्ट से बन्ना गुप्ता, जगन्नाथपुर एसटी सीट से सोनाराम सिंकू, खिजरी एसटी सीट से राजेश कच्छप, हटिया से अजय नाथ शाहदेव, मांडर एसटी सीट से शिल्पी नेहा तिर्की, सिमडेगी एसटी से भूषण बारा, कोलेबिरा एसटी से नमन विक्सल गोंकाड़ी, लोहरदगा एसटी से रामेश्वर उरांव, मनिका एसटी से रामचंद्र सिंह शामिल हैं।

## हर हाल में झारखंड में अगली सरकार एनडीए गठबंधन की बनेगी : चंपाई सोरेन

**टिकट लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरायकेला पहुंचे, कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से किया स्वागत**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का टिकट लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सोमवार को सरायकेला पहुंचे। जहां जगह- जगह भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत से उत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के जीत का दावा किया है।

वहीं उन्होंने मंच से सरकार पर ताबड़तोड़ हमले किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को एक बार फिर से उठाते हुए सरकार को घेरा। वहीं राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हर हाल में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता जान से जुट जायें। वहीं नाराज भाजपाइयों के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समय आने दीजिए सभी की नाराजगी दूर हो जायेगी। हर हाल में झारखंड में अगली सरकार एनडीए गठबंधन की बनने जा रही है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री आगामी 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा कार्यकर्ता इसकी तैयारी में जोर- शोर से जुट गये हैं।

## बसपा ने जारी की 24 प्रत्याशियों की लिस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी ने सोमवार को प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 24 प्रत्याशियों के नाम हैं, जो विभिन्न विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ेंगे। बहुजन समाज पार्टी ने पलामू की मानी जाने वाली बिश्रामपुर विधानसभा सीट से प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता उर्फ राजन मेहता को अपना प्रत्याशी बनाया है।

पलामू के पांकी विधानसभा सीट से जितेंद्र पासवान, गढ़वा से अजय कुमार चौधरी, भवनाथपुर से पंकज कुमार और मनिका से आशीष सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में पलामू के बिश्रामपुर और हुसैनाबाद विधानसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी दूसरे नंबर पर रही थी।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता उर्फ राजन मेहता ने कहा कि पार्टी सभी 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। पलामू के हुसैनाबाद विधानसभा सीट के लिए भी उम्मीदवार की सूची जारी की जायेगी। राजन मेहता ने कहा कि वे 24 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। बहुजन समाज पार्टी ने जामताड़ा से लक्ष्मण गुप्ता, मधुपुर से जियाउल हक, देवघर से ज्ञानरंजन, बरकट्ठा से सरयू प्रसाद, रामगढ़ से बिन्नू कुमार महतो, बोकारो से राजेश कुमार महतो, निरसा से वकील बाउरी, धनबाद से अनवरी खातून, टुंडी से मोतीलाल किस्कू को मैदान में उतारा है। वहीं बहरागोड़ा से सनत कुमार महतो, जमशेदपुर पश्चिम से वृंदावन दास, ईचागढ़ से कल्याण चंद्र सिंह, सरायकेला से रवींद्र उरांव, चाईबासा से तुरी सुंडी, मनोहरपुर से परदेसी लाल मुंडा, सिसई से वंदे कुमार तिर्की, बिष्णुपुर से स्टीफन किंडो, अनुज कुंडेश्वर सिमडेगा से और शिवराज बड़ाईक कोलेबिरा से उम्मीदवार बनाये गये हैं।

## रांची विश्वविद्यालय में महिला सुरक्षा संवेदीकरण पर हुआ कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में महिला सुरक्षा संवेदीकरण कार्यक्रम "शक्ति एंपावरिंग वूमेन" संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महिला शिकायत निवारण सेल, रांची विश्वविद्यालय तथा आइक्यूएसी के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों ए विजयालक्ष्मी (आइजी, ट्रेनिंग झारखंड पुलिस), संध्या मेहता (डीआइजी सीआडी, झारखंड) को कुलपति ने सम्मानित किया तथा हाइकोर्ट की अधिवक्ता डॉ. वंदना सिंह को रांची विश्वविद्यालय आइक्यूएसी निदेशक डॉ. सुदेश साहू ने शाल देकर सम्मानित किया। कुलपति ने कहा कि भारत पुरूष प्रधान देश है, पर महिलाओं को सशक्त किये बिना हम आगे नहीं बढ़ सकते और यह तभी संभव होगा जब हम शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में सही भागीदारी दें। इस मौके पर डॉ अनीता, संध्या मेहता (डीआइजी सीबीआइ), विजयलक्ष्मी, डा.वंदना सिंह, डा.उषा किरण, डॉ. स्मृति सिंह, डॉ दिपाली डुंगडुंग, डॉ सुमित, वीमेंस कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुप्रिया तथा विश्वविद्यालय के कई प्राध्यापक, तथा विभिन्न विभागों से आये सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन संपन्न



**डीजीपी समेत आला अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सशस्त्र पुलिस-1 परिसर स्थित परेड मैदान में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन संपन्न हुआ। इस समारोह में महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड से लेकर पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में सम्मान स्वरूप वाहिनी परिसर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजली अर्पित की गयी। इस वर्ष देश के पारा मिलिट्री फोर्स तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस बल के कुल दो सौ सोलह पदाधिकारी एवं जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं, जिसमें झारखंड राज्य के हवलदार चौहान हेंब्रम, सजायाफ्ता कैदी की सुरक्षा में प्रतिनियुक्ति के दौरान कैदी द्वारा किये गये हमले में शहीद हुए थे।

## रांची पहुंचे रघुवर दास, एयरपोर्ट पर बीजेपी नेताओं ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भगवान बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर पूर्व मुख्यमंत्री व ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत किया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने अंग वस्त्र देकर रघुवर दास का स्वागत किया। राज्यपाल रघुवर दास एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से जमशेदपुर के लिए रवाना हुए। एयरपोर्ट में स्वागत करने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री हेमंत दास, शुभम कुमार जायसवाल, संकेत तिवारी, जॉनी वाकर खान, अभिनव राय, सत्य सिंह, बजरंग महतो, गणेश आलम, इरशाद आलम, सपना चटर्जी, पन्ना चटर्जी, धर्मेंद्र राय, रोशनी सहित अन्य के नाम हैं।

## भाजपा ने चुनाव आयोग को सहायक पुलिसकर्मी को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचकर सहायक पुलिसकर्मी को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने के लिए ज्ञापन सौंपा। श्रीवास्तव ने बताया कि जो दिन रात संघर्ष करके अपना ड्यूटी करते हैं, राज्य में जितने भी सहायक पुलिसकर्मी हैं उन सबको पोस्ट बैलेट के माध्यम से मतदान देने का अधिकार दिया जाये। लोकसभा 2024 चुनाव में सहायक पुलिस कर्मियों को मतदान पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए रोका गया था। I2178 सहायक मतदान कर्मी मतदान नहीं कर पाये थे। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव एवं पुष्कर तिवारी शामिल रहे। चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है किसी भी परिस्थिति में कोई भी व्यक्ति मतदान से वंचित नहीं होगा।

## लोगों का विश्वास हमारा संबल : डॉ लंबोदर महतो

**पेटरवार में 13 पंचायतों की हुई बैठक, 24 अक्टूबर को नामांकन**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो 24 अक्टूबर को राजग उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल करेंगे। तत्पश्चात तेनुघाट के न्यू मार्केट मैदान में एक विशाल नामांकन सभा होगी। इसको लेकर सोमवार को पेटरवार स्थित आवासीय कार्यालय में बैठक हुई। इसमें पेटरवार प्रखंड अंतर्गत गोमिया विधानसभा क्षेत्र में आने वाले 13 पंचायतों में निवास करने वाले आजसू पार्टी केंद्रीय, जिला व प्रखंड पदाधिकारी के साथ-साथ अलग-अलग पंचायतों के अध्यक्ष व सचिव शामिल हुए। इस मौके पर डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जिस प्रकार का उत्साह व उमंग कार्यकर्ताओं में दिख रहा है उससे यह स्पष्ट होता है कि एक-एक कार्यकर्ता स्वयं को डॉ लंबोदर महतो समझकर अपनी-अपनी सक्रियता आम जनों के बीच बने हुए हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। बैठक में मुमताज अंसारी, धनेश्वर महतो, दिनेश गुप्ता, चंदन सिन्हा, संटू सिंह, गोपाल महतो, रतन महतो, प्रीति देवी, अनामिका देवी, बीना देवी, सुलेखा देवी, भोला शंकर महतो, रतन महतो, धनु लाल महतो, संतोष महतो, नरेश महतो, रत्नेश मिश्रा, रितेश सिन्हा, राजू महतो, बृजेश भारती, भद्रु महतो व सिन्हा नायक आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रांची जिला के सातों विधासभा क्षेत्र का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला के अंतर्गत तमाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्रों के इवीएम और वीवी पैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी वरुण रंजन कि अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में आयोजित रेडमाइजेशन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान डीइओ लेवल पर स्ट्रांग रूम खोला गया। बता दें कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बीयू-सीयू और वीवीपैट मशीन विधानसभावार भेजा जायेगा। रेडमाइजेशन के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी इवीएम कोषांग-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीआइओ राजीव कुमार और संबंधित एआरओ उपस्थित थे।

## मुख्य दीवान 14 नवंबर को गुरुद्वारा मैदान में सजाया जायेगा

**नगर कीर्तन में तिथि के बदलाव के बाद गुरुनानक सत्संग सभा ने बैठक बुलाकर नये सिरे से कार्यक्रम को दिया अंतिम रूप**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाले जाने वाले नगर कीर्तन की तिथि में बदलाव के बाद इस उपलक्ष्य में होने वाले समस्त आयोजनों की नयी रूप रेखा की तैयारी को लेकर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में आवश्यक बैठक बुलायी गयी। गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में गुरु नानक सत्संग सभा के अलावा गुरुनानक भवन कमेटी एवं गुरुनानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी के सदस्यों ने भी हिस्सा लिया और आयोजन से संबंधित अपने-अपने विचार रखे।

सत्संग सभा के सचिन अर्जुन देव मिढ़ा ने बताया कि अब चूंकि 14 नवंबर को नगर कीर्तन की तिथि तय हुई है इसलिए अब नगर कीर्तन से पहले यानी 13 नवंबर को सुबह आठ बजे से दस बजे तक तथा शाम सात बजे से नौ बजे तक दो दीवान सजाये जायेंगे तथा गुरु का अटूट लंगर भी चलाया जायेगा। मुख्य दीवान 14 नवंबर को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मैदान में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक सजाया जायेगा। इस मौके पर गुरुनानक सेवक जत्था द्वारा रक्तदान शिविर भी लगाया जायेगा। दोपहर 1:00 बजे से गुरु का अटूट लंगर चलाया जायेगा तथा दीवान समाप्ति के उपरांत दोपहर 2:30 बजे गुरुद्वारा मैदान से पुष्प से सज्जित सवारी पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को विराजमान कर भव्य नगर कीर्तन निकाला जायेगा। प्रकाश पर्व के दिन 15 नवंबर को रात आठ बजे से मध्य रात्रि दो बजे तक रैन सवाई दीवान सजाया जायेगा तथा प्रकाश पर्व के उपलक्ष में 13 नवंबर से पढ़ें जाने वाले श्री अखंड पाठ साहिब जी का भोग रात 12:00 बजे होगा।

सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रकाश पर्व के उपलक्ष में सजाये जा रहे सभी दीवानों में शिरकत करने सिख पंथ के महान कीर्तनी जत्था भाई जगतार सिंह, जम्मू वाले विशेष रूप से रांची पहुंच रहे हैं। इसके अलावा हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह द्वारा शबद गायन तथा गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह द्वारा कथा वाचन होगा।

बैठक में सुंदर दास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, चरणजीत मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोविंद सिंह, मोहन लाल अरोड़ा, लेखराज अरोड़ा, अमरजीत गिरधर, नरेश पपनेजा, मनीष मिढ़ा, मोहन काठपाल, लक्ष्मण दास मिढ़ा, अश्विनी सुखीजा, महेंद्र अरोड़ा, महेश सुखीजा, हरीश मिढ़ा, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, बसंत काठपाल, नवीन मिढ़ा, हरजीत बेदी, राकेश गिरधर समेत अन्य शामिल थे।

## हटिया विधानसभा की जनता के प्रेम-स्नेह का ऋणी हूं : अजयनाथ

**अजयनाथ शाहदेव के आवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस नेता अजयनाथ शाहदेव के आवास पर सोमवार को हटिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। टिकट को लेकर चल रही ऊहापोह के बीच कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से अपने नेता के समर्थन में आवाज बुलंद की। कांग्रेस नेतृत्व से हटिया विधानसभा सीट से अजयनाथ शाहदेव के लिए टिकट की मांग की। आवास पर अचानक इतनी संख्या में समर्थकों और कार्यकर्ताओं को देखकर अजयनाथ शाहदेव काफी उत्साहित नजर आये। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के प्यार और स्नेह का ऋणी हूं। समर्थकों का कहना था कि अजयनाथ शाहदेव पिछले चुनाव में हारने के बाद भी जनता के सुख-दुख में साथ रहे हैं। किसी के दुख-तकलीफ में वे तुरंत उपस्थित हो जाते हैं। ऐसे नेता को टिकट नहीं देकर किसी और को टिकट देना पार्टी का गलत फैसला होगा। कहा कि अजय नाथ शाहदेव की स्वीकार्यता सभी धर्म और सभी वर्गों में है। गांव से लेकर शहर तक सभी चाहते हैं कि अजय नाथ शाहदेव कांग्रेस से उनके विधायक बने। लोगों ने कहा कि हटिया विधानसभा से अजय नाथ शाहदेव का टिकट काटने के लिए विरोधियों ने षड्यंत्र भी किया। थोड़ा सा भी गलत फैसले से पार्टी यहां पर चूक जायेगी और विरोधी अपने मंसूबे पर कामयाब हो जायेंगे। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के साथ हैं और अजयनाथ शाहदेव को ही पार्टी यहां से उम्मीदवार बनाये। सभी ने अजयनाथ शाहदेव का हौसला बढ़ाया और कहा कि दिल्ली भी जाना होगा तो जायेंगे और आपके लिए राहुल गांधी से टिकट लेकर आयेंगे।

# वैश्विक आयोडीन अल्पता दिवस

21 अक्टूबर को वैश्विक आयोडीन अल्पता जागरूकता दिवस है. इसका उद्देश्य है- जागरूकता और कार्रवाई के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाना। विश्व आयोडीन अल्पता दिवस, जिसे वैश्विक आयोडीन अल्पता विकार निवारण दिवस भी कहा जाता है, प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य अच्छा स्वास्थ्य बनाए रखने में आयोडीन की आवश्यक भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और आयोडीन की कमी के परिणामों पर बल देना है। यह दस्तावेज दैनिक पोषण में आयोडीन के महत्व और इसकी कमी संबंधी विकारों को रोकने में आयोडीन के महत्व को रेखांकित करता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन, थायरोक्सिन (टी4) और ट्राईआयोडोथायरोनिन (टी3) का एक आवश्यक घटक है, जो चयापचय को नियंत्रित करता है और भ्रूण तथा शिशु के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। खाद्य पदार्थों और आयोडीन युक्त नमक में पाया जाने वाला आयोडीन सोडियम और पोटेशियम नमक, अकार्बनिक आयोडीन (क2), आयोडेट और आयोडाइड सहित कई रूपों में मौजूद होता है। आयोडाइड, सबसे सामान्य रूप है जो पेट में तेजी से अवशोषित होता है और थायराइड द्वारा हार्मोन उत्पादन के लिए उपयोग किया जाता है। अधिकांश अतिरिक्त आयोडाइड मूत्र के माध्यम से उत्सर्जित होता है। आयोडीन की कमी से वृद्धि और विकास पर कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं, यह निदान योग्य बौद्धिक अक्षमता का सबसे आम कारण है। अपर्याप्त आयोडीन के कारण थायराइड हार्मोन का उत्पादन कम होता है, जिसके परिणामस्वरूप आयोडीन अल्पता वाले विकार होते हैं। गर्भावस्था और प्रारंभिक शैशवावस्था के दौरान, आयोडीन की कमी से अपरिवर्तनीय दुष्परिणाम हो सकते हैं। आयोडीन-युक्त नमक का सेवन जरूरी है। क्योंकि आयोडीन की कमी से ग्रंथि नहीं बन पायेगी। आयोडीन युक्त नमक से हाइपोथायरायडिज्म नियंत्रित होता है। आयोडीन की कमी से प्रजनन क्षमता घट जाती है। वयस्कों में त्वचा फूलने, आवाज कर्कश होने लगती है। मानसिक कार्यशीलता बिगड़ती, त्वचा शुष्क-पपड़ीदार होती है। बाल हल्के-मोटे होने, ठंड सहन कर पाने की क्षमता घटती है। आयोडीन की कमी से घेंघा बीमारी हो सकती, वजन बढ़ सकता है। थायराइड हार्मोन का उत्पादन हेतु पर्याप्त आयोडीन बहुत जरूरी है। आयोडीन का दूसरा नाम आहारीय अवकारक लवण भी होता है। दूध-दही, रोस्टेड आलू, आयोडीन-युक्त नमक का सेवन जरूरी है।

**अपर्याप्त आयोडीन के कारण थायराइड हार्मोन का उत्पादन कम होता है, जिसके परिणामस्वरूप आयोडीन अल्पता वाले विकार होते हैं। गर्भावस्था और प्रारंभिक शैशवावस्था के दौरान, आयोडीन की कमी से अपरिवर्तनीय दुष्परिणाम हो सकते हैं।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

जेलों में बंद गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क और अच्छी कानूनी सहायता देने के लिए संसद ने 1987 में कानून बनाया था। उसके अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के जज होते हैं। राज्यों और जिला स्तर पर भी विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपंकर दत्ता ने कहा कि 10 साल पहले कोलकाता में नालसा ने फंड की कमी की वजह से गरीब वादी की मदद मुहैया कराने में असमर्थता व्यक्त की थी, लेकिन अब नालसा के पास जजों की आवभगत के लिए भी पर्याप्त पैसे हैं।

# गरीब कैदियों की रिहाई जल्द और मुकदमे कम हों

अकु श्रीवास्तव



देश के सभी राज्यों में 1400 जेलों में बंद 5 लाख से ज्यादा कैदियों का नवीनतम विवरण उपलब्ध हो जाये, तो इस दीवाली से जेलों की सफाई का प्रोजेक्ट भी शुरू हो सकता है। जब देश में 5 करोड़ से ज्यादा मुकद्दमे लंबित हों, तो इस समय सबसे बड़ी जरूरत यही है कि मुकद्दमों की संख्या कम की जाये और जो फालतू में या गैर जरूरी मुकद्दमे चल रहे हैं, उनको खत्म करने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाये जायें।

अफसरों और सरकार से मीडिया में रोजाना सवाल किये जाते हैं, लेकिन अदालतों के मामलों में वैसे तीखे तेवर नहीं दिखते। सच तो यह है कि जानकारी की कमी के साथ लोगों को कोर्ट की अवमानना का डर रहता है। ऐसे माहौल में सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज कोई बात कहें, तो उसे पूरा महत्व देने के साथ पर्याप्त चर्चा भी होनी चाहिए।

जेलों में बंद गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क और अच्छी कानूनी सहायता देने के लिए संसद ने 1987 में कानून बनाया था। उसके अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। इसके अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के जज होते हैं। राज्यों और जिला स्तर पर भी विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस दीपंकर दत्ता ने कहा कि 10 साल पहले कोलकाता में नालसा ने फंड की कमी की वजह से गरीब वादी की मदद मुहैया कराने में असमर्थता व्यक्त की थी, लेकिन अब नालसा के पास जजों की आवभगत के लिए भी पर्याप्त पैसे हैं।

उन्होंने कहा कि जब भी मैं नालसा के किसी समारोह में जाता हूं, तो सोचने को मजबूर हो जाता हूं कि नालसा के पास इतना पैसा कहां से आ रहा है। क्या विधिक सेवा प्राधिकरण का असल उद्देश्य यही है? क्या ऐसे ही मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जा सकती है? देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बढ़ती जेलों और कैदियों के प्रति बहुत संजीदा हैं। राष्ट्रपति के आदेश से हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति होती है।

**देश की प्रथम नागरिक महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बढ़ती जेलों और कैदियों के प्रति बहुत संजीदा हैं।**

राष्ट्रपति ने इस बारे में जजों के सामने कई बार चिंता जाहिर की है लेकिन सार्थक परिणाम सामने नहीं आ रहे। उन्होंने कहा कि कैदियों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए जेलों में क्षमता से 30 फीसदी ज्यादा कैदी भरे हुए हैं। उनमें से 75 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं। लोगों को लगता है कि ये पुलिस की ज्यादती के शिकार हैं, लेकिन ये सभी कैदी अदालत के आदेश से जेलों में बंद हैं। आपराधिक मामलों में पुलिस और सरकार अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकद्दमें लड़ती है। कई लोगों को गलत तरीके से गिरफ्तार करने के बाद उन्हें बेवजह जेल में रखा जाता है।

ऐसे विचाराधीन कैदियों की रिहाई के लिए हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने अनेक आदेश पारित किये हैं, लेकिन जेलों की बंद कोठरी में संविधान के प्रावधानों और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की गूंज नहीं पहुंच पाती। कैदियों की गिरफ्तारी, जेलों में उन पर भारी खर्च और रिहाई के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण का सफेद हाथी, सब कुछ है, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ पाती। यह अजब त्रिकोण है कि सरकारी खर्चे से ही पुलिस, जेल और नालसा की गाड़ी चल रही है। सैंटर फॉर एकाऊंटेबिलिटी एंड सिस्टेमिक चेंज (सीएएससी) ने इस दिशा में बड़ी शुरुआत की है। उनके प्रोजेक्ट से रिटायर्ड जज, आइपीएस और आइएएस के साथ अनेक वकील और युवा छात्र जुड़े हैं। मैं इस बात से हैरान हूं कि साल 2022 से कैदियों के संपूर्ण विवरण का डाटा उपलब्ध नहीं है।

गृहमंत्री अमित शाह ने नये आपराधिक कानूनों में जल्द न्याय का आश्वासन दिया है। छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का भी प्रावधान है, लेकिन अदालतों में पुराने मुकद्दमों का बोझ अगर खत्म नहीं होगा, तो फिर नये मुकद्दमों का जल्द निपटारा कैसे होगा? केंद्र सरकार ने युवाओं की इंटर्नशिप के लिए राष्ट्रीय योजना बनायी है।

देश के सभी राज्यों में 1400 जेलों में बंद 5 लाख से ज्यादा कैदियों का नवीनतम विवरण उपलब्ध हो जाये, तो इस दीवाली से जेलों की सफाई का प्रोजेक्ट भी शुरू हो सकता है। जब देश में 5 करोड़ से ज्यादा मुकद्दमे लंबित हों, तो इस समय सबसे बड़ी जरूरत यही है कि मुकद्दमों की संख्या कम की जाये और जो फालतू में या गैर जरूरी मुकद्दमे चल रहे हैं, उनको खत्म करने के लिए बड़े स्तर पर कदम उठाए जायें।

इसका एक तरीका यह भी हो सकता है कि छोटे मामले जिसमें जेबकतरी, राहजनी, छोटी चोरियां, अवमानना के मामले हों, उनको एक साथ खत्म किया जाये और इसके लिए अगर किसी केंद्रीय स्तर पर अध्यादेश की जरूरत हो, तो वह भी लाया जाये।

उधर कैदियों की रिहाई के राष्ट्रीय अभियान में युवा छात्रों की इंटर्नशिप और ट्रेनिंग सर्टीफिकेट देने के लिए सैंकड़ों अच्छे वकीलों ने सहमति दी है। भ्रष्टाचार के आरोपों में जेलों में बंद अनेक नेताओं को बड़े वकीलों की बहस के बाद बेल मिल जाती है। गरीब और जरूतमंद कैदियों की रिहाई के लिए भी बड़े वकीलों को सहयोग करना चाहिए। यह बात अभी तक चाहिए शब्द तक ही सीमित है, जबकि बहुत सारे बड़े वकीलों को सामने आना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार बेल बांड नहीं दे पा रहे गरीब कैदियों की रिहाई होनी चाहिए।

## देश-विदेश की खबरें

# लद्दाख में पेट्रोलिंग के नये सिस्टम पर भारत-चीन सहमत

- एलएसी से सैनिक पीछे हटा सकते हैं दोनों देश
- इससे गलवान जैसा टकराव टाला जा सकेगा
- 52 महीने से लद्दाख में आमने-सामने हैं दोनों देश की सेनाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में 52 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से हम चीनी पक्ष के साथ सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा कि वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। फिर भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी थे। विदेश सचिव के मुताबिक पिछले कुछ हफ्तों में हुई वाताओं के बाद भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैन्य गश्त की व्यवस्था को लेकर सहमति बन गई है। इसके चलते सैन्य आमने-सामने की स्थिति अब सुलझ गई है। सहमति विशेष रूप से डेपसांग और डेमचौक क्षेत्रों में गश्त से संबंधित है।

भारत-चीन सीमा तनाव पर समझौते की यह खबर ऐसे समय आई है जब इस हफ्ते रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ होंगे। दोनों नेताओं की बीच मुलाकात की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। विदेश सचिव ने ब्रिक्स शिखर बैठक के हाशिए पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात की पुष्टि तो नहीं की लेकिन इस संभावना को खारिज भी नहीं किया।

सैन्य टकराव और तनाव के कारण गश्त कहां तक हो इसको लेकर ही दोनों पक्षों के बीच असहमति के गहरे मतभेद थे। लगातार भारत की जमीन पर अपना कब्जा बढ़ाने की जुगत में लगे चीन की नीयत को लेकर भी सवाल थे। ऐसे में भारत ने सैन्य पैंतरों का उसी भाषा में जवाब देने के साथ ही चीन को समझौते की मेज पर रजामंदी की दस्तखत करने की नौबत तक ला ही दिया।

भारत-चीन के बीच एलएसी पर सीमा गश्त पर सहमति बनने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, हम कह सकते हैं कि चीन के साथ सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी हो गई है। हम उस जगहों पर गश्त करने में सक्षम होंगे जहां हम 2020 से पहले कर रहे थे। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा विकास है।

### आज रूस के कजान के लिए रवाना होंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कल कजान के लिए रवाना होंगे। इस सम्मेलन का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। भारत ब्रिक्स में अहम स्थान रखता है और उसके योगदान ने आर्थिक और सतत विकास, वैश्विक शासन सुधार जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स के प्रयासों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। पिछले साल जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स के विस्तार के बाद यह पहला शिखर सम्मेलन होगा। उन्होंने बताया कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में संस्थापक सदस्यों के साथ-साथ नए सदस्य भी शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन 22 अक्टूबर से शुरू होगा और पहले दिन की शाम को केवल नेताओं के लिए रात्रिभोज होगा। सम्मेलन का मुख्य दिन 23 अक्टूबर है। दो मुख्य सत्र होंगे। मिस्त्री ने कहा कि नेताओं से उम्मीद की जा रही है कि वे कजान घोषणा को अपनायेंगे, जो ब्रिक्स के लिए आगे का मार्ग प्रशस्त करेगा। शिखर सम्मेलन 24 अक्तूबर को समाप्त होगा। लेकिन प्रधानमंत्री 23 अक्टूबर को नई दिल्ली लौटेंगे। शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की कुछ द्विपक्षीय बैठकें भी हो सकती हैं।

# कश्मीर में डॉक्टर और 6 मजदूरों की हत्या की जिम्मेदारी लश्कर संगठन टीआरएफ ने ली

**श्रीनगर (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में रविवार देर रात हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। सोमवार को बताया कि टीआरएफ चीफ शेख सज्जाद गुल इस हमले का मास्टरमाइंड था। गांदरबल के गगनगीर इलाके में श्रीनगर-लेह नेशनल हाईवे की टनल कंस्ट्रक्शन साइट पर आतंकियों ने फायरिंग की। हमले में बडगाम के डॉक्टर शहनवाज मीर और पंजाब-बिहार के 6 मजदूरों की जान चली गई। हमले के बाद गांदरबल और गगनगीर के जंगलों में रात से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह ऑपरेशन अभी भी जारी है। सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं और अब नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआइए) भी पहुंच गयी है।

# आतंकी पन्नू की एयर इंडिया फ्लाइट में विस्फोट की धमकी, कहा- 1984 सिख दंगों का बदला लेंगे

**अमृतसर (आजाद सिपाही)।** अमेरिका में रह रहे सिख फॉर जस्टिस (एसएफआइ) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एअर इंडिया में बम विस्फोट की धमकी दी है। आतंकी पन्नू ने वीडियो जारी कर 1984 के सिख दंगों का बदला लेने की बात कही। उसने लोगों को एअर इंडिया में सफर न करने की सलाह दी। पन्नू ने कहा- "नवंबर में 1984 में हुए सिख दंगों की 40वीं बरसी है। 1984 में 13 हजार से अधिक सिख, महिलाओं और बच्चों को मार दिया गया। आज भी दिल्ली में विधवा कॉलोनी है। ये पूरी घटना भारतीय हुकूमत द्वारा की गयी थी। विदेशों में यात्रा करने वाले लोग 1 से लेकर 19 नवंबर तक एअर इंडिया का बायकॉट करें।" पन्नू ने पायलट्स को धमकाया कि बोर्ड पर संदिग्ध बम हो सकता है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में हरियाणा के रहने वाले विकास यादव को अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआइ ने मोस्ट वांटेड करार दिया है। एफबीआइ ने विकास को भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ का अधिकारी बताया।

# उड़ानों में बम की धमकी पर नागरिक उड्डयन मंत्री बोले- दोषियों को नो-फ्लाई लिस्ट में डालेंगे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि फ्लाइट्स में बम की धमकियों से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई करने की योजना बनायी जा रही है। धमकी देने वालों को नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जायेगा। एविएशन सिक्योरिटी नियमों के साथ ही सिविल एविएशन एक्ट, 1982 में संशोधन की भी योजना बनायी जा रही है। वहीं, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के महानिदेशक जुल्फिकार हसन और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने भी सोमवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन से मुलाकात की। करीब आधे घंटे चली, लेकिन बैठक का ब्योरा अभी सामने नहीं आया है। गृह मंत्रालय ने फ्लाइट्स में बम की धमकियों के संबंध में सिविल एविएशन मिनिस्ट्री और बीसीएएस से डिटेल रिपोर्ट मांगी थी। सीआइएसएफ, एनआइए और आइबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया था। 20 अक्टूबर को भारतीय एयरलाइंस की 25 फ्लाइट्स में बम की धमकियां मिली थीं। इस हफ्ते करीब 100 फ्लाइट्स में बम होने की धमकियां मिली हैं। इसके बाद केंद्र सरकार ने सिविल एविएशन के महानिदेशक (डीजीसीए) विक्रम देव दत्त को पद से हटा दिया था।

# मदरसे बंद करने के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक, केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस

- गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स का सरकारी स्कूलों में ट्रांसफर भी नहीं होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मदरसों को लेकर दो फैसले दिये। पहला- केंद्र और राज्य सरकारों को मदरसे बंद करने के फैसले पर रोक लगा दी। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने 7 जून और 25 जून को राज्यों को इससे संबंधित सिफारिश की थी। केंद्र ने इसका समर्थन करते हुए राज्यों से इस पर एक्शन लेने को कहा था।

दूसरा- कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकार के उस आदेश पर भी रोक लगायी, जिसमें मदरसों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सरकारी स्कूल में ट्रांसफर करना था। इसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के साथ-साथ सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में पढ़ने वाले गैर-मुस्लिम स्टूडेंट्स शामिल हैं।

चीफ जस्टिस डीवाइ चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बेंच ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और सभी राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब मांगा।

बेंच ने कहा कि यह रोक अंतरिम है। जब तक मामले पर फैसला नहीं आ जाता, तब तक राज्य मदरसों पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकेंगे। बेंच ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद को उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा के अलावा अन्य राज्यों को भी याचिका में पक्षकार बनाने की अनुमति दे दी।

## सीएम नीतीश कुमार ने डीजीपी के आगे जोड़े हाथ, बोले

# अगले साल चुनाव हैं, 6 माह में पुलिस बहाली पूरी कर लीजिए

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के डीजीपी आलोक राज के सामने हाथ जोड़ लिये। उन्होंने डीजीपी से हाथ जोड़ते हुए कहा कि जल्द नियुक्ति करा दीजिए। अगले साल चुनाव होना है, ऐसे में छह महीने में पुलिस बहाली पूरी कर लीजिए। पुलिस विभाग के कार्यक्रम में नीतीश कुमार खुले मंच से डीजीपी के सामने हाथ जोड़ कर उनसे अपील करने लगे। डीजीपी की तरफ हाथ जोड़ते हुए सीएम ने कहा कि जल्दी से और भी नियुक्ति करा दीजिए, पुलिस में महिलाओं की संख्या 35 फीसदी करिए। सीएम सोमवार को बापू सभागार में नव नियुक्त दरोगा को नियुक्ति पत्र बांटने पहुंचे थे। जहां अपने भाषण के दौरान उन्होंने डीजीपी के आगे हाथ जोड़ लिये। वहीं डीजीपी ने मंच से कहा कि मुख्यमंत्री का जो आदेश-निर्देश होगा उसे पूरा किया जायेगा।

### सीएम ने हाथ जोड़ कर काम पूरा करने को कहा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डीजीपी और गृह सचिव के सामने हाथ जोड़कर कहा कि, जल्दी कर न दीजिएगा.. आइए न यहां पर आकर बताइए.. कि जल्दी करिएगा कि नहीं करिएगा.. सीएम के बुलाने पर मौके पर मौजूद गृह सचिव ने माइक पर कहा कि, महोदय का जो भी निर्देश दिया जा रहा है.. माननीय मुख्यमंत्री जी का.. बिहार पुलिस उसपर पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहेगी और सभी निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा.. शीघ्र नियुक्ति, उन्नत प्रशिक्षण और उनकी पोस्टिंग करा कर के उत्कृष्ट कार्य दिया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि, बहुत बहुत धन्यवाद.. जल्दी से इस काम को करिए।

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय परिसर से निकाली गयी, जो पुनर्वास, रेलवे साइडिंग होते हुए विद्यालय परिसर पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे- *जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, जन-जन का यह नारा है मतदान अधिकार हमारा है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, वोट डालने चलो रे साथी लोकतंत्र के बानो बाराती, छोड़ दो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, जो है सच्चा और ईमानदार वो है वोट का हकदार, जाए वोट डालने जाए अपना वोट काम में लाएं* जैसी स्लोगन लिखा था। शिक्षक राकेश चौबे ने कहा कि भारत एक मजबूत लोकतांत्रिक देश है। भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। मतदाता जागरूकता को लेकर रैली शिक्षक राम नंदन बैठा, उदय कुमार, चदेश्वर कुमार सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने झारखंड को दी है एक नयी पहचान : मिथिलेश



**मंत्री मिथिलेश के नामांकन के दौरान किया शक्ति का प्रदर्शन**

**मझिआव मोड़ से टाउन हॉल तक उमड़ा जन सैलाब**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान नामांकन में सोमवार को जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों की संख्या में लोग मंत्री के नामांकन रैली में शामिल हुए। नामांकन के लिए निकलने से पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने मां गढ़देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद मंत्री रामसाहू उच्च विद्यालय के स्टेडियम में पहुंचे। वहां सुबह से ही गढ़वा, मेराल, डंडा, रंका, रमकंडा, चिनियां आदि प्रखंडों से कार्यकर्ताओं की महाजुटान शुरू हो गयी थी। रामासाहू स्टेडियम से मंत्री श्री ठाकुर खुली जिप में सवार होकर कार्यकर्ताओं के साथ रैली के शक्ल में मझिआव मोड़, मेन रोड, रंका मोड़, चिनियां मोड़, टाउन हॉल पहुंचे। बाद में वे भीड़ से बचते हुए मोटरसाइकिल पर सवार होकर नामांकन के लिए पहुंचे। नामांकन के बाद मंत्री श्री ठाकुर सीधे गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में सभा स्थल पर पहुंचे।

मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि केंद्र में दमनकारी सरकार बैठी है, जो संविधान को बदलने की बात करती है। वह गरीब गुरबों, आदिवासियों का हक लूटने के लिए जनसरोकार की सरकार के मुख्यमंत्री को जबरन जेल भेज दी। उन्होंने कहा कि आज की जनसैलाब विकास विरोधियों और संविधान को तोड़ने वालों के लिए करारा जवाब है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड को एक नयी पहचान दी है। राज्य गठन के बाद 19 वर्षों तक राज्य को सिर्फ लूटा गया है। वर्ष 2019 में जनता ने यहां जनसरोकार की सरकार बनायी है। तब से पूरे राज्य में लगातार विकास हो रहा है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज तिवारी, तुलसी सिंह खरवार, जिपस अमृतांजली दुबे, डॉ यासिन अंसारी, मदनी खान, कृष्णा भुईयां, नसीम अख्तर, दीपमाला, फरीद खान आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

## झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर ने नामांकन पर्चा दाखिल किया



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को गढ़वा के अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर गढ़वा रंका विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। वे मोटरसाइकिल पर सवार होकर नामांकन करने पहुंचे। जहां उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम संजय कुमार के समक्ष दो सेट में नामांकन के लिए पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष औबेदुल्ला हक अंसारी, शंभू राम, अधिवक्ता परेश तिवारी, हाजी निजाम सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। पर्चा दाखिल करने के पश्चात मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने अपने विधान सभा क्षेत्र में कई विकास के कार्य किए। पुनः चुनाव जीतने के बाद वे गढ़वा की तस्वीर बदल कर रख देंगे।

# बिना मंत्री की मर्जी के आम लोग थाना में केस दर्ज नहीं करा सकते : सत्येंद्रनाथ

**16 वार्ड पार्षदों सहित एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** रविवार देर रात नगर परिषद क्षेत्र के 16 वार्ड पार्षदों सहित एक सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि झामुमो की सरकार हर मोर्चे पर फेल साबित हुआ है। नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल दो साल पहले ही समाप्त हो गया है। इसके बावजूद वर्तमान सरकार चुनाव नही करा पायी है। चुनाव नहीं होने के कारण शहरी निकाय में पदस्थापित अधिकारी निरकुंश हो चुके है। सभी कार्य गैरकानूनी तरीका से किया जा रहा है। शहर का विकास पूरी तरह ठप हो चुका है। शहर के सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय विधायक पेयजल मंत्री के पद पर रहने के बावजूद आम लोग शुद्ध पेयजल के लिए भटक रहे है। शुद्ध पेयजल नहीं पीने से लोग विभिन्न तरह के बीमारियों के चपेट में आ रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के साथ ही शहर की सभी प्रमुख समस्याओं को तत्परता के साथ कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा के पक्ष में हवा है। लोग इस सरकार के कार्यप्रणाली से परेशान हो चुके है। सभी जगहों पर भ्रष्टाचार हावी है। बालू के अभाव में आम लोग अपना घर, मकान सहित अन्य निजी काम नहीं कर पा रहे है। उन्होंने कहा कि मंत्री कारनामे का बदला लेने का सही समय आ चुका है। मंत्री ने अपने कार्यकाल के दौरान निर्दोष व्यक्तियों को फर्जी केस में फंसा कर किसी तरह जेल भेजा है, वह किसी से छिपी हुई नहीं है। उन्होंने कहा कि बिना मंत्री के मर्जी के आम लोग थाना में केस भी दर्ज नहीं करा पाते है। इन सभी बातों को याद करते हुए इस भ्रष्ट शासन को बदलने के लिए लोग सुशासन वाली भाजपा की सरकार को बनाने में बढ़चढ़ कर सहयोग करें। वहीं दूसरी ओर शहर के वार्ड नंबर सात के बूथ अध्यक्ष विशाल गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य बाजार से 30 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। सभी को पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं ने पूरी मजबूती के साथ भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया। इसके अलावा पूव विधायक के आवास पर भी शहर के विभिन्न वार्ड के काफी संख्या में युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, अजय जासवाल सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# अंग्रेजी शराब के लगभग 2000 पाउच जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटरी थाने ने बीती रात उत्तर प्रदेश से बिहार ले जा रहे अवैध अंग्रेजी शराब के लगभग 2000 पाउच को जब्त किया है। थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय गढ़वा को सूचना प्राप्त हुई कि दो बोलेरो वाहन में अवैध विदेशी शराब लेकर बिंधमगंज से गढ़वा की और बोलेरो आ रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय गढ़वा के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री बंशीधर के नेतृत्व में बिलासपुर चेक पोस्ट में चेकिंग प्रारंभ किया गया, तत्पश्चात बिंघमगंज की तरफ से दो बोलोरो वहां काफी तेजी से आये और बिलासपुर चेक पोस्ट पर पुलिस द्वारा एन एच 75 पर चेकिंग होता देख दोनों बोलोरो गाड़ी रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 पीएफ 0740 और बीआर 29 एम 1908 दोनों गाड़ी को वापस घुमा कर भागने लगे, तो छापामारी दल के सदस्यों के द्वारा तीन व्यक्तियों को दौड़कर पकड़ लिया गया तथा दो व्यक्ति भागने में सफल हो गये। पकड़े गये तीनों व्यक्तियों से पूछताछ करने पर बताया कि गाड़ी के छत को मोडिफाई करके नट बोल्ट से कसकर अवैध विदेशी शराब को रेणुकूट उत्तर प्रदेश से बिहार ले जा रहे थे। दोनों बोलोरो गाड़ी को बारीकी से जांच करने पर पाया कि गाड़ी के छत को काटकर मोडिफाई किया हुआ और नट बोल्ट से कसा हुआ है तथा नट बोल्ट को खोलने पर गाड़ी का छत खुल गया और गाड़ी का छत कंटेनर बना हुआ है जिस पर अवैध विदेशी शराब ऑफिसर चॉइस 180 का पाउच करीब 2000 की संख्या में पाया गया जिसे विधिवत जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें गिरफ्तार लोगों में नीतीश कुमार, नारायण साहनी और विवेक कुमार तीनों बिहार के रहने वाले हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, संदीप कुमार रवि ,जितेंद्र कुमार, सुब्रत टुडू, नितेश श्रीवास्तव, कौशल कुमार द्विवेदी शामिल थे।

# निर्दोष लोगों के पुलिस उत्पीड़न पर डीसी और एसपी से रोक लगाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश केशरी ने भंडरिया मदगड़ी क गांव में पुलिस द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान पूजा स्थल को घेरकर पुलिस द्वारा मारपीट मामले को लेकर उपायुक्त गढ़वा और पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि 13 अक्टूबर 2024 को मदगड़ी क गांव में राजनीतिक षड़यंत्र रच कर पुलिस द्वारा पूजा स्थल को घेरकर श्रद्धालुओं पर बर्बरतापूर्ण लाठी डंडे आंसू गोला और गोली चलायी गयी जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का घोर उलंघन है। भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में इस प्रकार से नागरिकीय अधिकारों का क्रुरता पूर्वक दमन करना लोकतांत्रिक पद्धति पर स्थापित प्रशासन और सरकार की कार्यशैली कदापि नहीं हो सकती। निश्चय ही यह घटना हृदयविदारक घटना मानवता को झकझोर देने वाली है। यह आवश्यक प्रतीत हो रहा है कि अपने प्रशासकीय अधिकारों का दुरुपयोग कर के मानवता को लज्जित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए निर्दोष नागरिकों के उत्पीड़न पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये। साथ ही इस घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए न्याय दिलायी जाये। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। मौके पर भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे रविंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# नामांकन के चौथे दिन चार लोगों ने किया पर्चा दाखिल



**भानु प्रताप शाही के पहले प्रति में विक्रांत कुमार सिंह और दूसरे प्रति में राजीव रंजन तिवारी प्रस्तावक बने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** नामांकन के चौथे दिन कुल चार लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें झामुमो से अनंत प्रताप देव, बीजेपी से वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही, निर्दलीय देवेंद्र कुमार प्रजापति, निर्दलीय राहुल प्रसाद गुप्ता, भानु प्रताप शाही और राहुल प्रसाद गुप्ता ने दो-दो प्रति में नामांकन पत्र दाखिल किया। अनंत प्रताप देव के प्रस्तावक के रूप में दीपक प्रताप देव, जबकि भानु प्रताप शाही के पहले प्रति में विक्रांत कुमार सिंह और दूसरे प्रति में राजीव रंजन तिवारी प्रस्तावक बने।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने धनंजय



रमना (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व को धूम धाम से मनाने को लेकर श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भगवान भास्कर का अस्थाई प्रतिमा बनाने, गुलहरी बांध से टेढ़की पुल स्थित छठ घाट तक समुचित लाईट के व्यवस्था करने,छठ घाट पर साफ सफाई, साउंड सहित समुचित टेंट का व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर एक छठ घाट कमेटी का गठन किया गया। जिसमें धनंजय प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद गुप्ता को सचिव, रविशंकर गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं संरक्षक के रूप में अजित कुमार सोनी,टूटू सिंह, शक्ति सिंह, दीपक सिंह, सोनू सिंह, संजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, समाज सेवी मुन्ना प्रसाद, अमित सोनी का नाम को मनोनीत किया गया। वहीं दिनेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसी तरह सक्रिय सदस्य के रूप में अनुज कुमार, रोहित वर्मा, त्रिपुरारी सोनी, सोनू सोनी, शूमम कुमार, ललन गुप्ता, सुनील प्रसाद, राजू कुमार, टुनटुन सोनी, संजय प्रसाद, सौरव गुप्ता, बलराम प्रसाद, डब्लू गुप्ता, मंतोष चंद्रवंशी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है। इस अवसर पर अध्यक्ष धनंजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा समिति के सदस्यों ने जिस प्रकार भरोसा जताते हुए प्रभार देने का कार्य किया है, मैं उसे पूरी ईमानदारी से कार्य करने का काम करूंगा।

## निर्दयी पिता अपनी तीन वर्षीय बच्ची को हलवाई की दुकान के पास छोड़कर फरार



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र में एक निर्दयी पिता ने अपनी तीन वर्षीय बच्ची को कृष्णा हलवाई की दुकान के पास छोड़कर फरार हो गया। यह घटना रविवार शाम करीब 3 बजे की है, जब बच्ची रोने लगी और उसकी आवाज सुनकर वहां भीड़ इकट्ठा हो गयी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी आकाश कुमार मौके पर पहुंचे और बच्ची को थाने ले गये। उन्होंने बताया कि बच्ची फिलहाल कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी ईंट-भट्ठे में काम करने वाले मजदूर की बेटी हो सकती है, क्योंकि जब उसे ईंट-भट्ठे का नाम लिया गया, तो उसने हां में सिर हिलाया। समाचार लिखे जाने तक, पुलिस सभी स्थानीय ईंट-भट्ठों और आसपास के इलाकों में बच्ची के माता-पिता की तलाश कर रही थी। थाना प्रभारी ने अपील की है कि जो भी इस बच्ची का अभिभावक है, वह अपने और बच्ची के आधार कार्ड के साथ थाने आकर उसे ले जायें। इस संबंध में सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) के अध्यक्ष प्रणव कुमार से जब जानकारी ली गयी, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस घटना की सूचना नहीं मिली है। पुलिस को तुरंत इसकी सूचना सीडब्ल्यूसी को देनी चाहिए या बच्ची को उनके कार्यालय भेजना चाहिए ताकि उसे बाल गृह में सुरक्षित रखा जा सके।

# पावर प्लांट का निर्माण मेरा सपना : अनंत

**विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नॉमिनेशन किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिये सोमवार को नामांकन के तीसरे दिन भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने नॉमिनेशन किया। श्री देव ने 11:30 बजे निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा के समक्ष एक सेट में अपना नॉमिनेशन किया। एसडीओ ने नॉमिनेशन की औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद श्री देव को शपथ दिलायी। उस मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, सोगरा बीबी, दीपक प्रताप देव व बबलू पांडेय उपस्थित थे। नामांकन के पूर्व अनंत प्रताप देव श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अपने समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुये पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि भवनाथपुर विस क्षेत्र से पलायन को रोकने के लिये वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

क्षेत्र में पावर प्लांट का निर्माण मेरा सपना है। 2009 से 2014 के पिछले कार्यकाल में सीएम हेमंत सोरेन ने पावर प्लांट का शिलान्यास किया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। जनता ने मौका दिया तो हर हाल में भवनाथपुर में पावर प्लांट लगेगा और क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देकर पलायन को रोकने का काम किया जायेगा। उन्होंने विधायक भानू प्रताप शाही पर तंज कसते हुये कहा कि विधायक ने क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री खोलने के नाम पर सिर्फ युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने विधायक पर झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुये कहा कि विधायक ने नगर ऊंटारी को जिला व भवनाथपुर को अनुमंडल बनाने का वादा किया था। लेकिन उनके 15 वर्षों के कार्यकाल में न तो नगर ऊंटारी जिला बना न भवनाथपुर अनुमंडल बना।

## एआइएमआइएम प्रत्याशी डॉ एमएन खान 25 को नामांकन दाखिल करेंगे



गढ़वा (आजाद सिपाही)। एआइएमआइएम पार्टी के गढ़वा विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस संबंध में डॉक्टर एमएन खान ने कहा कि नामांकन दाखिल करने के पूर्व सुबह 10:00 बजे शहर के राम साहू स्टेडियम से नामांकन रैली निकाली जायेगी, जो शहर के मुख्य पथ होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक जायेगी। इसके बाद नामांकन का कार्य किया जायेगा। नामांकन रैली के दौरान शहर के विभिन्न जगहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा, वहीं नामांकन दाखिल करने के बाद गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में एक सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्य रूप से एआईएमआईएम के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान के अलावा पार्टी के कई आला नेता सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की है।

## 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

# पूर्वी सिंहभूम 21 मेडल के साथ बना ओवर ऑल चैंपियन

**पुरुष वर्ग में रांची के शत्रुंजय और महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया बनर्जी बनी स्टेट चैंपियन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर के बंधन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम ने सात गोल्ड छह सिल्वर और आठ ब्राउंज सहित कुल 21 मेडल प्राप्त कर ओवर ऑल चैंपियन बना। वहीं रांची जिला की टीम ने आठ गोल्ड, पांच सिल्वर और छह कांस्य सहित 19 मेडल प्राप्त किया, जबकि गढ़वा ने तीन गोल्ड, छः सिल्वर और दस कांस्य सहित 19 मेडल प्राप्त किया। धनबाद की टीम ने एक सिल्वर और तीन कांस्य सहित कुल चार मेडल, हजारीबाग ने पांच कांस्य और बोकारो की टीम ने एक कांस्य पदक जीता। टेबल टेनिस के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झारखंड राज्य टेबल टेनिस को और बेहतर करने की जरूरत है और इसके लिए गढ़वा जिला झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के साथ मिलकर पूरा करने के लिए तैयार है। झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त करें और वहां से ओलंपिक में जाने का रास्ता तय करें, यह हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर करने के लिए अपना अभ्यास जारी रखें तभी आप और बेहतर कर सकते हैं। पुरुष वर्ग के फाइनल में रांची के शत्रुंजय ने रांची के ही सोमनाथ चक्रवर्ती को 4-1 से तथा महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया बनर्जी ने गढ़वा की अंजलि को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पुरस्कार का वितरण झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता, गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, उपाध्यक्ष सुशील केसरी अमित कुमार सिंह, अशोक विश्वकर्मा महेंद्र विश्वकर्मा, संजय सोनी सिस्टर रौशमा, चंद्रभूषण सिन्हा, नंद कुमार गुप्ता ने पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर अजय ठाकुर, संजय सिंह अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, मोजीबुद्दीन खान, अयोध्या ठाकुर, अमोद पांडेय सहित काफी संख्या में खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रेफरी संदीप शाहा, किरण बिहारी शुक्ला, अंपायर एलएन मित्रा, आशीष बनर्जी, आशुतोष दुबे, अमल ठाकुर ऋषभ राज आयुषी कुमारी सांइ अक्षय, सुधांशु रंजन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने किया।

## मां लक्ष्मी भोजनालय का हुआ शुभारंभ



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। श्रीबंशीधर नगर मेन रोड शिवपूजन पेट्रोल पंप के समीप मां लक्ष्मी भोजनालय का शुभारंभ हुआ। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह ने फीता काट कर उद्घघाटन किया। होटल के संचालक मनोज चंद्रवंशी ने कहा कि इस होटल में वेज और नॉनवेज सभी तरह के भोजन की व्यवस्था उत्तम क्वालिटी और साफ सुथरी मिलेगी। ग्राहकों की संतुष्टि ही हमारा लक्ष्य है, इस भोजनालय में लोगों को घर जैसा खाना मिलेगा। इस मौके पर कोयल चंद्रवंशी, उज्जवल गुप्ता, मनोरंजन गुप्ता, छोटन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटने से तीन लोग घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी मोड़ के समीप मुख्य पथ पर सोमवार के शाम में एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में श्रीवंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी दशरथ भुइंया 30 वर्ष पिता हरिहर भुइंया उसकी पत्नी तेतरी देवी 25 वर्ष तथा खरौंधी के मीरा देवी पति रिखी पासवान का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां तैनात चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के दशरथ भुइंया को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि वे सभी भवनाथपुर से ऑटो पर बैठकर खरौंधी जा रहे थे, तभी मुख्य पथ पर मकरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गयी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



# बुंडू में छह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय परिसर में 58 तमाड़ विधानसभा अनुसूचित जनजाति सुरक्षित सीट से निर्वाचन कार्यालय से नामांकन के तीसरे दिन छह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा खरीदा। नामांकन पर्चा खरीदने वालों में राजकुमार मुंडा ने झारखंड पार्टी की ओर से नामांकन पर्चा खरीदा है। एवं निर्दलीय के रूप में जहेला टुटी आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता परमेश्वरी सांडिल्य, सिंगराय टुटी, गुंजल ईकीर मुंडा एवं झामुमो के रविंद्र नाथ मुंडा ने पार्टी से बगावत कर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन प्रपत्र खरीदा। अब तक कुल 13 प्रत्याशियो ने नामांकन प्रपत्र खरीदा है अभी तक एक भी प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।





## पूर्व मंत्री और एनडीए प्रत्याशी राजा पीटर 23 अक्टूबर को बुंडू में करेंगे नॉमिनेशन



तमाड़। तमाड़ के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री राजा पीटर ने आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के लिए अपने नॉमिनेशन 23 अक्टूबर को बुंडू अनुमंडल में करेंगे वे एनडीए के घटक दल जेडीयू के उम्मीदवार हैं। अपने समर्थकों के साथ नामांकन प्रक्रिया में भाग लेने का निर्णय लिया है। राजा पीटर ने बताया कि यह चुनाव जनता के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, और वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनके समर्थकों ने भी इस नॉमिनेशन को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। वे बड़ी संख्या में उपस्थित होने की हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, जदयू के नेता गण, मानकी मुंडाओं के साथ शुभचिंतकों को आमंत्रित किया है। इस मौके पर राजा पीटर ने सभी समर्थकों से अपील की है कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय रूप से भाग लें। बताते चलें की राजा पीटर एनडीए प्रत्याशी घोषित है।

## रायडीह में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजा पीटर के साथ की बैठक



तमाड़। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर के साथ तमाड़ रायडीह स्थित जदयू कार्यालय में बैठक। बैठक में भाजपा के पांचों मंडल अध्यक्ष संग सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थें। रायसुमारी के बाद सभी ने एनडीए के जदयू प्रत्याशी राजा पीटर को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। बैठक में बुंडू तमाड़ और अड़की प्रखंड के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में भाजपा तमाड़ विधानसभा प्रभारी नंद जी प्रसाद, पुर्व प्रत्यासी रीता मुंडा, पंचायती राज प्रकोष्ठ के रंजीत लाहेरी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल, पुर्व ज़िला उपाध्यक्ष लछमन मुंडा, अनुसुचित जनजाति ज़िला अध्यक्ष संजय मुंडा, बुंडू नगर मंडल प्रभारी प्रमोद सिंह, मंडल अध्यक्ष बुंडू ग्रामीण गुप्तेश्वर भगत, मंडल अध्यक्ष बुंडू नगर आलोक दास, मंडल अध्यक्ष तमाड़ महावीर सोनी मंडल अध्यक्ष रडगाव कालीचरण मुंडा, मंडल अध्यक्ष अड़की पशुराम दास, विष्णु पद महंतो, अजीत महंतो, विस्तारक कृष्ण भुषण, सोशल मीडिया संयोजक भास्कर मुखर्जी, कैलाश हलवाई, संतोष साहू, गोपाल स्वर्णकार, सुभाष हालदार उपस्थित हुए।

## खूंटी और तोरपा सीट के लिए किसी ने नहीं भरा नामांकन पत्र

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव के लिए खूंटी ओर तोरपा सीट के लिए सोमवार को किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। खूंटी विधानसभा क्षेत्र (60) से दो अभ्यर्थी ने 4-4 सेट में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा, जबकिं तोरपा विधानसभा क्षेत्र (59) के लिए भी दो प्रत्याशियों ने चार-चार सेट में नाम निर्देशन प्रपत्र खरीदा।

# जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा: डीसी

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर मतदाता जागरूकता एलइडी रथ को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने स्वीप कार्यक्रम के तहत विधानसभा चुनाव में शत- प्रतिशत मतदान और मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता एलइडी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए रोस्टर

निर्धारित कर एलइडी जागरूकता रथ को संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा

कि एलइडी जागरूकता रथ शहर और गांव-गांव में घूमकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही इवीएम और वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा। विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। मतदान के दौरान बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के अलावा मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली के साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूलभूत सुविधा की जानकारी जागरूकता रथ के माध्यम से दी जायेगी। इसके अलावा जिला प्रशासन का प्रयास है कि 18 वर्ष पूरे कर चुके अधिक से अधिक फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान के लिए प्रेरित किया जाय, ताकि वे अपने मताधिकार की ताकत को जान सकें और मतदान के दिन वोटिंग कर लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बन सकें। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

# प्रत्याशी बनाये जाने के बाद खूंटी पहुंचे नीलकंठ सिंह मुंडा, स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने के बाद विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सोमवार को खूंटी पहुंचे। रांची से खूंटी आने के क्रम में भाजपा कार्यकताओं ने जगह-जगह पारंपरिक ढंग से विधायक का स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते हुए पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस से उनकी आगवानी करते नीलकंठ सिंह मुंडा को खूंटी लाये। इसके पूर्व डुंगरा मोड़, कालामाटी, हुटार, भाजपा कार्यालय, पिपराटोली, मेन रोड सहित कई जगहों पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया और जयकारे लगाये। खूंटी पहुंचने पर उन्होंने मिश्राटोली स्थित माता दुर्गा मंदिर में माथा टेका। बाद में उन्होंने नेताजी चौक में सुभाष चंद बोस और नीचे चौक में भगत सिंह की प्रतिमा और कचहरी पार्क स्थित भगवान बिरसा मुडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तीनों महापुरुषों को नमन किया। मौके पर विधायक नीलकंठ सिह मुडा ने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने उन पर छठी बार उन पर भरोसा जाताया और खूंटी सीट से उन्हें फिर से उम्मीदवार बनाया। इसके लिए भाजपा के केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उनहें जो स्नेह दिया है, इसके लिए वे सभी मतदातओं का कृतज्ञ हैं। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं के आशीर्वाद और स्नेह के कारण वे पिछले पांच चुनावों से लगातार विधानसभा में खूंटी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार भी जनता का आशीर्वाद उन्हें मिलेगा और वे छठी बार विधायक बनकर खूंटी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर चुनाव में विधानसभा खेत्र के प्रभारी ओम सिंह, विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश कश्ययप, जिलाध्यक्ष सीएस गुप्ता, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रियांक भगत, रूपेश जयसवाल, विनोद नाग, निखिल कंडुलना, रौशनलाल गौझू,, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोहित साहू सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## राजा पीटर को जेडीयू ने सिंबोल चुनाव चिन्ह दिया



**तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ 58 विधानसभा चुनाव के एनडीए गठबंधन के घटक दल जेडीयू ने सिंबोल चुनाव चिन्ह तमाड़ विधानसभा चुनाव के उम्मीदवार राजा पीटर को दिया गया। झारखंड जदयू के नेता गण तमाड़ पार्टी कार्यालय आकर उपलब्ध किया जदयू के केंद्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के हस्ताक्षर युक्त पेपर दिया गया। इस अवसर पर जदयू के शैलेन्द्र महंतो उपेंद्र सिंह मौजूद रहे।**

## खलारी स्टेशन में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी रेलवे स्टेशन में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। नरकोपी थाना के बोको गांव के रहने वाले 34 वर्षीय रणविजय सिंह की मौत हो गयी। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार मृतक रणविजय सिंह अपने गांव से मां और अपनी बुआ को लेकर खलारी रेलवे स्टेशन गोमिया जाने के लिए पहुंचा था। इस दौरान उसने तीनों की गोमिया के लिए टिकट कटाई और प्लेटफार्म पर आ गया। वहीं ट्रेन के लेट होने के कारण वो अपनी मां और बुआ को प्लेटफार्म पर बैठा कर टहलते हुए प्लेटफार्म के किनारे पहुंचा। इसी क्रम में पोल संख्या 14 के पास डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं घटना से अंजान रणविजय की मां और बुआ पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर गोमियां जाने के लिए निकल गयी। बाद में घटना की सुचना पर रेल प्रबंधन एवं रेल पुलिस मौके पर पहुंच कर परिजनों को सूचित किये। जिसके बाद परिजनों के खलारी पहुंचने पर आरपीएफ के द्वारा पंचनामा कर रणविजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरकाकाना भेज दिया गया।

## शहीद अजित धनंजय महतो के शहादत दिवस पर राजनीतिक दलों ने किया नमन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** 21 अक्टूबर 1982 ई को तिरुलडीह कांड में शहीद हुए अजित धनंजय को पूरे ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के राजनीतिक दलों के द्वारा सोमबार को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। चौका, आदरडीह, तिरुलडीह, कुकरू और सिरुम चौक में स्थापित प्रतिमा पर सुबह से ही एनडीए प्रत्याशी हरेलाल महतो, इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी सबिता महतो, समाजसेवी खगेन महतो, समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम, गोपेश महतो सहित दर्जनों नेता ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। ज्ञात हो कि 21अक्टूबर 1982 ई को क्रांतिकारी युवा मोर्चा के बैनर तले अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तिरुलडीह प्रखंड मुख्यालय (वर्तमान ईचागढ़) में छात्रों के द्वारा घेराव किया गया था। उसी बीच तत्कालीन सीओ और छात्रों के साथ वार्ता के समय बहस हो गया,और सीओ ने पुलिस को गोली चलाने का निर्देश दिया। उसी वक्त अजित और धनंजय महतो को गोली लगी और दोनों शहीद हो गये थे।

# सीआरपीएफ 94 बटालियन खूंटी में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तजना भवन खूंटी में सीआरपीएफ 94 बटालियन द्वारा सोमवार को 65वां पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पिछले एक वर्ष के दौरान देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देनेवाले अमर बलिदानी जवानों को याद किया गया। उनके नाम पढ़ कर सुनाए गये और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस आयोजन में 94 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी पुष्कर भारद्वाज, उप कमांडेंट संतोष कुमार के, चिकित्सा अधिकारी विनय कुमार यादव सहित वाहिनी के अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित थे। मौके पर बताया गया कि 21 अक्तूबर को भारत में हर साल पुलिस स्मृति दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग मे सीमा की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 20 जांबाज सैनिकों के एक छोटे से दल पर चीनी सेना द्वारा भारी संख्या में घात लगाकर हमला किया गया था, लेकिन सीआरपीएफ जवानों ने बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना किया और कर्तव्य की बलि बेदी पर 10 जवानों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

उन्हीं की याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्तूबर को मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के दिन देश के सुरक्षा बल चाहे वो राज्य पुलिस हो, या अर्धसैनिक बल, सभी एक साथ मिलकर इस दिवस को मनाते हैं।

# बच्चे और शिक्षकों ने चलाया सफाई अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित सार्वजनिक दुगार्पूजा पंडाल के समीप सोमवार को स्कूली बच्चे सहित शिक्षकों ने साफ सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय बचरा एवं बाल विकास विद्यालय बचरा के छात्र-छात्राऐ एवं शिक्षक शामिल हुए।जानकारी के अनुसार दोनों स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकों ने बचरा दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास एवं मेलाटांड़ परिसर में झाड़ू लगाया और साफ सफाई कर कूड़ा कचरा को हटाया। इस संबंध में स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद पंडाल परिसर एवं मेला परिसर में काफी संख्या में कुड़ा कचरा का अंबार लगा हुआ था,जिसको देखते हुए स्कूल के बच्चों के साथ शिक्षकों ने सफाई अभियान चलाया और कूड़ा कचरा को साफ किया। शिक्षकों ने बताया कि स्वछता हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है। क्षेत्र के प्रत्येक लोगों को अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रो मे साफ सफाई के प्रति ध्यान देने की जरूरत है।वहीं लोगों को समय निकालकर सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए अपने आसपास के इलाकों एवं घरों को साफ रखने की अपील की। इस मौके पर बाल विकास विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, रानी कुमारी,चंदु कुमार, सबा प्रवीण,प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुलेखा महतो, आदित्य कुमार, राजेश्वर कुमार, राकेश कुमार सहित दोनों स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## सिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे तीन संचालित शराब भट्ठियों को नष्ट किया

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली थाना क्षेत्र के ग्राम टेटेबंदा और लोसेरा में रविवार को अवैध रूप से संचालित तीन शराब भट्ठियों पर सिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई। तीन संचालित भाटियों में दो हजार किलो जावा महुआ और तीस लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया। शराब भट्ठियों को भी पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान शराब भट्टी से कई प्रकार के बर्तन एवं कोयला को जप्त कर लिया गया। वहीं अवैध शराब की छापेमारी के बाद शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया। शराब बना रहे लोग पुलिस को देखते ही भाग निकले। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निदेर्शानुसार यह कार्रवाई की गयी है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार एएस आई हेंब्रम एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## रेफरल अस्पताल तोरपा में 16 दिव्यांगजनों को दिये गये व्हील चेयर और सहायक उपकरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** द हंस फाउंडेशन रूपांतरण परियोजना खूंटी द्वारा तोरपा प्रखंड क्षेत्र के दिव्यांगजनों को चिह्नित कर सोमवार को तोरपा रेफरल अस्पताल में शिविर का आयोजन कर 16 दिव्यांग जनों के बीच सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु शिविर लगाया गया। द हंस फाउंडेशन से दिव्यांग जनों के बीच व्हीलचेयर और सहायक उपकरणों का वितरण्ध किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने बताया कि तोरपा और रनिया प्रखंड क्षेत्र के 20 गांवों के हजारों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## रंगोली बना कर मतदान के लिए किया जागरूक



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को खूंटी जिले के सभी छह प्रखंड कार्यालयों और अन्य स्थानों पर सहिया समेत अन्य लोगों द्वारा रंगोली के माध्यम से क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर आमजनों को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ हीं मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलायी गयी और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

# राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए तीन खिलाड़ी चयनित



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के तीन एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए किया गया है। 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 25 अक्टूबर से लेकर 29अक्टूबर तक भुवनेश्वर उड़ीसा में किया जायेगा। 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाने वाले तीनों एथलेटिक्स खिलाड़ियों में अभय लोहारा, पूनम कुमारी एवं बबली कुमारी का नाम शामिल है। स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया की चयनित तीनों एथलेटिक्स खिलाड़ी भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से प्रतिनिधित्व करेंगे। इस प्रतियोगिता के लिए राय बस्ती निवासी अजय लोहरा के पुत्र अभय लोहारा को अंडर 16 बालक आयु वर्ग 600 मीटर दौड़ के लिए चयन किया गया है और बमने पंचायत के पाही बस्ती के रहने वाले चैता महतो की पुत्री पूनम कुमारी को अंडर 18 बालिका आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ के लिए चयन किया गया है। वहीं बमने पंचायत के बमने गांव के रहने वाले नरेंद्र उर्फ भोला महतो की पुत्री बबली कुमारी का चयन अंडर 18 बालिका आयु वर्ग भाला फेंक जैवलिन थ्रो के लिए चयन किया गया है।

## कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खूंटी जिले की टीम रांची रवाना



**खूंटी। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खूंटी जिले की टीम सोमवार को बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम खेलगांव रांची के लिए रवाना हुई। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए खूंटी जिला अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग अंडर 17 अंडर, 19 बालक बालिका वर्ग टीम खेलगांव में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी विभाष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर तथा शुभकामनाएं देकर खिलाड़ियों को रवाना किया टीम के साथ नीरज कुमार साहू राजेश कुमार, मुकेश कुमार, विनोद टोपनो, सावित्री कुमारी और प्रेरणा एक्का भी खेलगांव के लिए रवाना हुए।**

## दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू में दो दिवसीय रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता पुरुष 2024- 25 मैच का महाविद्यालय के पुराने भवन में सोमवार को आयोजन किया गया इस मैच में कुल 11 टीमों के द्वारा 21 अक्टूबर को लीग टूनामेंट खेला गया मैच का उद्घाटन प्राचार्य डॉ विनीता कुमारी जैक सदस्य डॉ राधा रमन साहू प्रो हंस कुमार प्रो सुबोध चंद्र शुक्ला प्रो भूतनाथ हजाम प्रो रविकांत मेहता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया फाइनल मैच का मुकाबला 22 अक्टूबर को खेला जाएगा मैच का संचालन प्रो सुमंत कुमार झा गौतम शुक्ला आराधना तिवारी के द्वारा किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

# युवक पर गो तस्करों ने किया जानलेवा हमला



### पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप, भाजपा नेताओं ने की कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के इरबा में गो तस्करों ने हूटूप गांव निवासी अर्जुन सिंह पर जानलेवा हमला करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने अर्जुन सिंह के इरबा स्थित सिंह लॉज में घुसकर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद पीड़ितों ने ओरमांझी थाना में शिकायत दर्ज कराई। घटना की गंभीरता को देखते हुए भाजपा नेता अमरनाथ चौधरी ने सीनियर एसपी से फोन पर बात कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं, घटना की निंदा करते हुए भाजपा नेता मानकी राजेंद्र साही, राजेश गुप्ता, दिलीप मेहता, दिगम्बर महतो, शशि मेहता, विवेक सिंह, अलखनाथ महतो, आशीष साहू, आकाश महतो, राजकिशोर महतो, अरुण मंडल, नीरज पांडे, पवन साहू और जदू महतो आदि ग्रामीणों ने एकजुट होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग को लेकर ओरमांझी थाना पहुंच गये। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने कहा कि असामाजिक तत्वों द्वारा क्षेत्र को संवेदनशील बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# त्रिशूल फाइटर को हराकर त्रिशूल टाइगर का टेस्ट सीरीज पर कब्जा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादनी में रविवार को त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी की ओर से आयोजित टेस्ट मैच में त्रिशूल टाइगर ने त्रिशूल फाइटर को नौ विकेट से हरा कर सीरीज अपने नाम किया। पहली पारी में त्रिशूल फाइटर ने 184 रन पर ऑल आउट हो गयी। फाइटर की ओर से चंदन ने सर्वाधिक 60 व गणेश ने 40 रनों की पारी खेली। जबकि टाइगर की ओर से गेंदबाजी में नियाज ने चार विकेट लिया। जवाब में त्रिशूल टाइगर ने 239 रन बनाकर पारी घोषित की। टीम के कप्तान नियाज ने 106 व विक्रम महली ने 63 रनों की पारी खेली। फाइटर की ओर से गेंदबाजी में अंशु पाठक ने 3 विकेट लिया। दूसरी पारी में त्रिशूल फाइटर 128 में ऑल आउट हो गई। जिसमें गणेश 45 रनों की पारी खेली। त्रिशूल टाइगर को सिर्फ 74 रन का लक्ष्य मिला और उसे आसानी से एक विकेट गवांकर हासिल कर लिया और सीरीज अपने नाम कर लिया। नियाज को बेहतर प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया। वहीं बेस्ट बेट्समैन नियाज बेस्ट बोलर गणेश बेस्ट फिल्डर विक्रम बने। टेस्ट सीरीज के लिए त्रिशूल क्रिकेट एकेडमी के संचालक एसके साह और संदीप सिंह ने टेस्ट सीरीज मैच के लिए त्रिशूल एकेडमी के अभिभावकों को धन्यवाद दिया। कहा जीत का श्रेय उन अभिभावक को जाता है जिन्होंने अपना भरोसा इस त्रिशूल एकेडमी पर दिखाया है।

# महिलौंग और होटवार की टीम ने दर्ज की जीत



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के बड़ाम पंचायत में चल रही बड़ाम चैपिंयन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का सोमवार को तीसरे दिन का मैच खेला गया। पहला मैच एसएस सृष्टि स्पोर्टिंग बनाम बीसमआर महिलौंग के बीच हुआ। जिसमें महिलौंग की टीम विजई रही। दूसरा मैच लेजेंड होटवार बनाम शहीद बिरसा जोरार के बीच हुआ। जिसमें लेजेंड होटवार की टीम विजई रही। वहीं, दोनों ही विजेता टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल का मैच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी सूटआउट से लेजेंड होटवार की टीम विजयी होकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार का पहला मैच रामपुर बनाम मुंडा ब्रदर्स और दूसरा मैच रांची क्लब रांची बनाम दलादली के बीच होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष जकरियस गाड़ी ने बताया कि टूर्नामेंट का सेमीफाइनल और फाइनल मैच 2 नवंबर को खेला जाएगा। खेले गए टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी सुदीप्तो चौधरी उपस्थित थे। जिन्होंने मैच की शुरूआत फुटबॉल पर कीक मारकर किया। इस मौके पर निखिल दागल, शंकर नायक, कृष्णा लोहरा, सत्यनारायण गोप, संजीत कुशवाहा, कल्याण, कुणाल, सुधीर और शनि आदि उपस्थित थे।

## इटकी में चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक, दिये गये कई निर्देश

# एक भी मतदाता मतदान से वंचित ना रह जाये: मो अनीश

आजाद सिपाही संवाददाता



इटकी प्रखंड मुख्यालय में चुनाव की समीक्षा बैठक करते अधिकारी-कर्मी।

**इटकी।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें मौजूद लोगों को कई दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित सीओ मो अनीश ने चुनाव से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी और बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि पोस्टल बैलेट से मतदान की अहर्ता रखने वाले एक भी मतदाता चुनाव से वंचित ना रहें। पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए फार्म 12 और 12डी भरा जाना है। वहीं आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मी, अवसेण्टी वोटर और दिव्यांग और सीनियर सिटीजन वोटर 12डी का फार्म भरेंगे। इसके लिए सभी बीएलओ के बीच होम वोटिंग फार्म वितरण किया गया। बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगर दिव्यागं और सीनीयर सिटीजन होम वोटिंग करना चाहते है तो ऐसे सीनियर सिटीजन और दिव्यांगों के निवास स्थल पहुंचकर उनकी सूची तैयार करें। इसके अलावा प्रखंड के 49 बूथो में पानी-बिजली, शौचालय, टेबल कुर्सी, व्हिलचेयर, रैंप सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर दो दिनों के अंदर प्रखण्ड मुख्यालय में रिपोर्ट को जना करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, किसी राजनीतिक दल के पोस्टर बैनर अब भी लगे हों तो तत्काल इसकी सूचना दें, ताकि उनपर न्याय संगत कार्रवाई की जा सके। बैठक में प्रखण्ड चुनाव प्रभारी सह वीएसओ हेमंत एक्का, वीपीआरओ रईस मलिक, सभी पंचायतों को सचिव और दर्जनों बीएलओ उपस्थित थे।

# एनडीए प्रत्याशी राम कुमार पाहन को जिताने के लिए आजसू पूरी ताकत लगायेगी : राजू नायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर रामकुमार पाहन पर भरोसा करते हुए एनडीए प्रत्याशी के रूप में टिकट देकर चुनावी मैदान में उतारा है। उन्हें एनडीए का प्रत्याशी बनाए जाने पर घटक दल आजसू ने खुशी व्यक्त की है। इधर, सोमवार को आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक के नेतृत्व में नामकुम के सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता सालहन गांव स्थित आवास पहुंचे और गर्मजोशी के साथ रामकूमार पाहन का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें आजसू का पट्ट्ा पहनाकर एकजुटता दिखाई। इस अवसर पर राजू नायक ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए आजसू कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़े हैं। रामकुमार पाहन को जिताने के लिए आजसू कार्यकर्ता अपनी पूरी शक्ति झोंक देंगे। मौके पर आजसू के ज़िला सचिव मुकेश नायक, मुनचुन सिंह, सतीश तिर्की, भीम महतो, राहुल पासवान, रोशन नायक, संजय नायक सकलू नायक, विष्णु मेहता, भाजपा एसटी मोर्चा के संजय नायक, माधुरी, मनोज चौधरी, पिंटू सिंह आदि मौजूद थे।

# लापुंग के दोलैचा में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** दोलैचा दुर्गा पूजा आयोजन समिति के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह मेला का आयोजन किया गया। सरगम म्यूजिकल ग्रुप की ओर से आयोजित नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार की सुबह शुरू हुई सांस्कृतिक कार्यक्रम देर शाम तक जारी रही। प्रसिद्ध लोक कलाकार पवन कुमार रॉय ने आधुनिक नागपुरी गीतों से लोगों को खूब झुमाया। वहीं, नागपुरी में लोक गीतों एवं नृत्य नाटिका से ओडिशा की लोक कलाकार उर्मिला महंतों की टीम में शामिल खुशी मोहंतो एवं वर्षा मोहंतो आदि कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। ओड़िशा के प्रसिद्ध लोक कलाकार हुलास महतो, फूलमणी देवी, सुहाना देवी, कयूम अब्बास और काजल कुमारी ने भी एक से बढ़कर एक गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को खूब झुमाया। मंच का संचालन प्रभात साहू और सरोज राम धुसिया ने किया। इसके पूर्व बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मुखिया मालती रानी केरकेट्टा ने आयोजन समिति के पदाधिकारी के साथ मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। दूसरी ओर दोलैचा में आयोजित मेला के दौरान हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। मेला में लोगों ने खासकर महिलाओं और बच्चों ने खूब आनंद उठाया। खिलौने, मिठाईयों, ईख सहित विभिन्न प्रकार के सामानों की लोगों ने खूब खरीददारी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गा पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष कंचन कुमार साहू उर्फ बबलू साहू, कोषाध्यक्ष नीलकमल साहू, सचिव राम गोविंद साहू एवं कार्यकारिणी सदस्य श्याम किशोर भगत, जयकांत भगत उर्फ मंटु कुमार भगत, श्रीकांत भगत उर्फ अन्नु भगत, अमित भगत, रोहित साहू, ब्रजेश भगत, कमलेश गोप, नारायण साहू, विभाष साहू, राजेश साहू, राम गोविंद साहू, रितेश जयसवाल, रामकृष्ण साहू, अजय साहू और पवन सिंह आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 'इकोटॉक्सिकोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान' विषय पर आइसीइइएस 2024 का उद्घाटन

# तसर सिल्क उद्योग पर्यावरण के अनुकूल: डॉ एनबी चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसीईईएस 2024 का उद्घाटन समारोह में मौजूद अतिथिगण।

**पिस्कानगड़ी।** रांची के केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान व एमिटी यूनिवर्सिटी की ओर से सोमवार को 'इकोटॉक्सिकोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईसीइइएस 2024 का शुभारंभ किया गया। सभी प्रतिभागियों को गहन शोध मंथन से इकोटॉक्सिकोलॉजी और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने का आह्वान किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण, जैव विविधता संरक्षण और जलवायु परिवर्तन हम सभी के लिए गहन अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र हैं। मुझे जानकर खुशी हुई कि सम्मेलन में पर्यावरण प्रदूषण, इसकी उत्पत्ति और निगरानी तंत्र को शामिल किया गया है। कार्यक्रम इकोटॉक्सिकोलॉजी और पर्यावरण विज्ञान संस्थान और एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए छात्रों, शोधकर्ताओं, संकायों और नीति निर्माताओं के बीच ज्ञान का प्रसार करना है। इस आयोजन में किए गए प्रयास उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण हैं।इस सम्मेलन में भारत और विदेश से लगभग 200 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। विशेष रूप से प्रो तपस कुमार माजी आणविक पदार्थ प्रयोगशाला, जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च, बेंगलुरू के अलावा बंगलादेश, इटली, दक्षिण अफ्रीका के प्रतिभागी भी शामिल रहे। डॉ एनबी चौधरी ने कहा कि हम तसर सिल्क उद्योग के लिए काम कर रहे हैं जो पर्यावरण के अनुकूल उद्योग है।एमिटी यूनिवर्सिटी के साथ हमारा समझौता हुआ है। हम पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने में आपकी उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हैं। वहीं, एमिटी के कुलसचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने कहा कि पारिस्थितिक विष विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और सतत विकास पर विचार-विमर्श करें। डॉ सरमीला पाल ने कहा कि पर्यावरण के प्रमुख फोकस क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर सीटीआरटीआई के वैज्ञानिक डॉ जयप्रकाश पांडेय, आशू कुमार, डॉ दिव्या राजावत आदि उपस्थित थे।

# कई नेताओं-कार्यकर्ताओं ने थामा लोकहित अधिकार पार्टी का दामन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के समक्ष विभिन्न क्षेत्र के कई नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही, प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साव ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराया।

इसमें बरकट्ठा विधानसभा से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री कुमकुम देवी एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य केदार साव, गिरिडीह से भुवनेश्वर महथा, गांडेय से कामेश्वर साव, रांची से अरुण कुमार गुप्ता एवं गौरव विशाल, मांडु से जागो साव, हजारीबाग से निर्मल साव एवं किरण देवी आदि शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सर्वसमाज की पार्टी है। सभी के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को नजरअंदाज कर सामाजिक भेदभाव को लगातार बढ़ावा दे रही है। विशेष कर डबल इंजन की सरकार एससी-एसटी और ओबीसी के अधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन करती आ रही है। पर लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड में ऐसा नहीं होने देगी।

# टर्बो ने ई-रिक्सा को मारी टक्कर, दो घायल

**रातू /इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हाजी चौक में एक अनियंत्रित टर्बो ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्सा को टक्कर मार दी। इसमें ई रिक्सा में सवार सिमलिया राइस मिल के रहने वाले राजा व आसिफ नाम के दो युवक बुरी तरह से घायल हो गये। आनन-फानन में ग्रामीणों ने युवकों को पास के ही आर्या अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटे आयी है। चिकित्सकों के मुताबिक स्थिति गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद ट्रक का चालक फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक राइस मिल निवासी आसिफ अंसारी व राजा सोमवार की दोपहर 12.30 बजे ई-रिक्शा लेकर दलादिली जाने के लिए निकले थे। ई रिक्सा जैसे ही हाजी चौक पहुंचा विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने रातू थाने में ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दूसरी ओर, इटकी बिडपी टोली निवासी राकेश महली नामक युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए रांची के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार देर शाम की बतायी जा रही है।

# नगड़ी में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नगड़ी।** सेम्बो स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस पर सोमवार को समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केरिपु बल झारखंड सेक्टर के पुलिस महानिरीक्षक साकेत कुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर केंद्र में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर शहीदों की स्मृति में पूरे सम्मान के साथ अधिकारियों व कार्मिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस असर पर साकेत कुमार सिंह ने इस दिन के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि साल 1959 के 21 अक्टूबर को 21 जवानों के गश्ती दल ने 'हॉट-स्प्रिंग' लद्दाख में चीनी सेना के एक बहुत बड़े दस्ते के आक्रमण को विफल कर मातृभूमि की रक्षा करते हुए 10 शूरवीर जवानों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। हमारे वीर सैनिकों ने आधुनिक हथियारों से सुसज्जित विशाल चीनी फौज के सामने बहादुरी की मिशाल कायम की और उन्हें पीछे हटने पर विवश कर दिया था। चीनी सेना के सामने लड़ते हुए इन वीर सैनिकों ने एकता एवं अखण्डता बनाए रखने के लिए राष्ट्रहित में कर्तव्य की बलिवेदी पर जो बलिदान दिया, उन पुण्यात्मओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए सभी अर्द्धसैनिक बलों एवं राज्य पुलिस संगठनों में यह महान दिवस सम्मानपूर्वक मनाया जाता है। इसके साथ ही उन्होनें हॉट स्प्रिंग के सभी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही विगत एक वर्ष में पूरे भारत के पुलिस बलों में शहीद हुए जवानों का नाम पढ़कर सुनाया और उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर डीएन लाल, पुलिस उप महानिरीक्षक समूह केन्द्र रांची के मार्गदर्शन में समूह केंद्र परिसर में यह कार्यक्रम पूरी श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक डीएन लाल, उप महानिरीक्षक सतीश लिण्डा, पी कुजूर उप महानिरीक्षक, लॉरेंस बॉण्डो, उप महानिरीक्षक (चिकि) के अल्वा वरिष्ठ अधिकारी व जवान मौजूद थे।

# लापुंग में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन, 114 मरीजों की हुई जांच



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र प्रांगण में सोमवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 114 मरीजों की जांच की गयी. इसमें 06 डेंटल , 60 लैब टेस्ट समेत परिवार कल्याण दिवस पर गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। इस जांच शिविर से गरीब पुरुष महिलाओं को इलाजके लिए शहर में नहीं जाना पड़ा। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लापुंग में डेंटल की डॉ शिखा कुमारी, आंख डॉ माधवी कुमारी, ओपीडी में डा दिलीप उरांव व प्रभारी डॉ नमिता शांति लकड़ा ने जांच किया। इस आयुष्मान आरोग्य शिविर के सहयोगी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी दीपक कुमार, कविता बेदीया,सूरज कुमार साहू, श्रवण सिंह, राजेश मांझी, लाल प्रवीण सिंह, नीलम आइंद, प्रवीण कुमार, प्रद्युम्न सिंह, पवन लकड़ा, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता की नांमकन सभा में उमड़ा जनसैलाब

# लुटेरी व झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू।** झारखंड की लुटेरी हेमंत सरकार को सबक सिखाने का समय आ गया है। जब तक राज्य में डबल इंजन की सरकार नहीं बन जाती तब तक विकास संभव नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को हर दृष्टिकोण से स्वालंबी बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। भाजपा की रघुवर सरकार ने विकास की पटरी राज्य को लाकर खड़ा किया था, लेकिन इन पांच वर्षों में हेमंत सरकार ने राज्य को काफी पीछे धकेल दिया। उक्त बातें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने कही। वे सोमवार को भाजपा के पांकी विधानसभा प्रत्याशी डॉ शशि भूषण मेहता के नामंकन के अवसर पर नीलांबर पीतांबरपुर मं आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता से मिले आशीर्वाद को झामुमो-कांग्रेस गठबंधन सरकार ने अपने सहयोगियों के साथ लूट-खसोट कर अपनी तिजोरी भर ली। हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इस सरकार में बेटी-रोटी कुछ भी सलामत नहीं है। एक विशेष समुदाय विशेष को खुश करने के लिए यह सरकार हिंदुओं व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। राज्य के संथाल परगना ही नहीं रांची, पलामू में भी रोहिंग्या बांग्लादेशी मुसलमान घुस गए है। चुनावों में कई क्षेत्र आरक्षित श्रेणी में है। उन आरक्षित सीटों से उन महिलाओं को खड़ाकर पंचायत से लेकर विधानसभा तक में चुनाव लडाकर सता पर भी कब्जा कर रहे है। दिन में फेरीवाला बनकर छोटे-छोटे रोजगार करते है और रात में अपराध करते है। इनसब से बचने के लिए सभी को लुभावन बातों में नहीं आकर भाजपा के स्थानीय उम्मीदवार डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता व के पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं, नामांकन सभा की अध्यक्षता भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी एवं संचालन जिला महामंत्री विजय ठाकुर ने किया। दूसरी ओर, भाजपा उम्मीदवार डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने कहा कि चहुमुखी विकास के लिए भाजपा को चुनें एवं राज्य में भाजपा की सरकार बनाने में अपना योगदान दें। पूर्व के दिनों की दहशतगर्दी के माहौल को याद दिलाते हुए कहा कि अब पांकी विधानसभा क्षेत्र में किसी की हिम्मत नहीं कि शांति व्यवस्था में खलल डाले। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्याममारायण दुबे, प्रेम सिंह, विधानसभा प्रभारी अशोक शर्मा, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ललित मेहता, विजय शर्मा, शत्रुघ्न सिंह, जितेंद्र तिवारी, संजय वर्मा, लाला प्रसाद यादव, अजीत प्रसाद, नीलम देवी, मंजुलता दुबे सहित हजारों लोग मौजूद थे।

## चहुंमुखी विकास के लिए भाजपा को चुनें : डॉ शशि भूषण मेहता


डॉ शशिभूषण मेहता के नामांकन में शामिल केंद्रीय मंत्री संजय सेठ व जन सैलाब।

# यह नाराज होने का नहीं, मिलकर जीत की रणनीति बनाने का समय है: जवाहिर

## कमलेश सिंह का नामांकन 23 को, कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान

भाजपा कार्यकर्तओं की बैठक में प्रत्याशी कमलेश सिंह को विजयी बनाने का संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर रोड स्थित उदय विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स परिसर में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उर्द्वार मंडल अध्यक्ष मधुसूदन पाठक और संचालन अजय गुप्ता ने किया। इस अवसर पर भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहिर पासवान ने कहा कि पार्टी किसी व्यक्ति के जेब में रहने वाला संगठन नहीं है। भाजपा नीतियों-सिद्धांतो पर कार्य करने वाली पार्टी है। भाजपा नेतृत्व ने विधायक कमलेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है। इनके आने से पार्टी पहले से ज्यादा मजबूत हुई है। कहा कि भाजपा समुद्र है। अगर किसी ने नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है तो इससे पार्टी को बहुत फर्क नहीं पड़ेगा। कहा कि पार्टी का निर्णय सभी को मान्य है। नरेंद्र भाई मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ जी के सपने को धरातल पर उतारने के लिए सभी को तन मन धन से कमलेश सिंह को जीता कर झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। वहीं, भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह ने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। रही बात क्षेत्र की, तो हुसैनाबाद के एक-एक नागरिक को परिवार के सदस्य के रूप में वह देखते हैं। उन्होंने कभी अपने कार्यकर्ताओं का सिर कहीं झुकने नहीं दिया है। आगे भी पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की प्रतिष्ठा मुझसे जुड़ी होगी। उन्होंने सभी को 23 अक्टूबर को नामांकन कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया। इस मौके पर रामप्रवेश सिंह, मधुलता रानी, विनोद पांडे, सोमेश सिंह, सीबी रमन, संतोष कुमार सिंह, सतेंद्र पासवान, रामराज मेहता, डॉ अखिलेश गुप्ता और लवकुश चंद्रवंशी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



### कमलेश व विनोद सिंह सहित सात लोगों ने खरीदा पर्चा

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन के तीसरे दिन सोमवार को हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट पर किसी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। इस दिन सात उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा खरीदा। इनमें विनोद कुमार सिंह (निर्दलीय), कमलेश कुमार सिंह (भाजपा), अशोक कुमार मेहता (राष्ट्रीय समानता दल), सुभद्रा कुमारी (हिंदुस्तान आवाम मोर्चा), बाबर अंसारी ( निर्दलीय0 शामिल है। बतातें चलें कि तीन दिन में हुसैनाबाद विस सीट से 16 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं।**

# पहले की नारियां भी विदुषी थीं: जीयर स्वामी जी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव संपत धाम परिसर में आयोजित 25 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। अहले सुबह से ही यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू हो जा रही है जो देर रात तक जारी रह रहा है। महायज्ञ में भारत के महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज की कृपा पात्र प्रातः स्मरणीय श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज ने भारतवर्ष में बौद्ध परपंरा का उन्मूलन व वैदिक परंपरा की स्थापना की बड़े ही रोचक कथा कहकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कई वेद शास्त्र, रामायण व रामचरितमानस के प्रसंगों का भी जिक्र किया। उन्होंने आदि शंकराचार्य व मुंडन मिश्र की शाश्त्रार्थ की विस्तृत कथा बताई। कहा कि केवल आज ही पढ़े लिखे लोग नहीं है। पहले की नारियां भी विदुषि थी। रामचरित मानस के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि माता सीता वनवास के दौरान सोने का हीरन देखकर उसे लाने के लिए भगवान श्रीराम से हठ किया था, जबकि भगवान ने उसका खंडन किया। बावजूद वो अपनी जिद पर अड़ी रही। श्री स्वामीजी महाराज ने कहा कि सत्ययुग में योग साधना, त्रेता में यज्ञ, तप और द्वापर के लोग तीर्थ व्रत कर भगवत की प्राप्ति करते थे। महायज्ञ में बक्सर के पीठाधीश्वर स्वामी अयोध्या नाथ जी महाराज, स्वामी वैकुंठ नाथ जी महाराज, मारुति किंकर जी महाराज, गोविंदचार्च जी महाराज आदि कई संतो का संगीतमय प्रवचन प्रतिदिन हो रहा है।

# डीसी ने की विभिन्न कोषांगों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को विभिन्न कोषांगों व बीडीओ-सीओ के साथ बैठक हुई। जिसमें चुनाव से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। इस दौरान डीसी ने सभी संबंधितों से अपने आईएसआर का अवलोकन करने, आईएसआर से बूथों की दूरी का अवलोकन करने व सभी बूथों पर एएमएफ बहाल रखने के निर्देश दिये। कहा कि अगर किसी को आईएसआर से जुड़ी कोई समस्या हो तो अभी ही बतायें, ताकि उसका निराकरण समय रहते किया जा सके। उन्होंने सभी बीडीओ-सीओ व संबंधित थाना प्रभारी को बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने विधानसभा वार सभी निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी से नजरी नक्शा के अनुसार आईएसआर की विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। बैठक में उन्होंने सभी बीडीओ-सीओ को अपने अधीन सभी बूथों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा रैंप, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कहा कि आप सभी लोग गांवों में जाकर लोगों को 13 नवंबर को मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करें। इसके अलावे सभी अंतर जिला चेक पोस्ट पर सभी संदिग्ध वाहनों की जांच करने का भी निर्देश दिया। कहा कि मतदान से पूर्व सभी बूथों पर मतदाता सूची अवश्य रूप से प्रकाशित करें, ताकि सभी मतदाताओं को मतदान से पूर्व उन्हें उनका क्रमांक नंबर की जानकारी हो सकें। इसी तरह वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण मतदान से पांच दिन शेष से वितरण प्रारंभ हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। इस मौके पर एसपी रिष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त, तीनों एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# किसान ब्रिगेड में शामिल हुए कई दलों के दर्जनों कार्यकर्ता



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव में टिकट की घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों में सरगर्मी तेज हो गयी है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर सोमवार को बैठक हुई। जिसमें विभिन्न दलों दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने किसान ब्रिगेड का दामन थाम लिया। उन्हें महिला ब्रिगेड अध्यक्ष आराधना सिंह ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। किसान ब्रिगेड में शामिल होने वालों में योगेंद्र कुमार राजवंशी, सोनू कुमार, धनंजय कुमार, पवन राम, राजेश चौधरी, सीपी कुमार पासवान, रंजन कुमार राजवंशी, संजय यादव और मिथिलेश कुमार राजवंशी आदि शामिल हैं। इस अवसर पर आराधना सिंह ने बताया कि भाजपा नेतृत्व द्वारा दलबदलुओं को टिकट देने से लोग पूरी तरीके से हताश व निराश हैं। एनसीपी हुसैनाबाद में विलुप्त होने के कगार पर है। राजद में कार्यकर्ताओं का मान सम्मान नहीं है। आए दिन किसान ब्रिगेड की बढ़ती लोकप्रियता व कर्नल संजय सिंह के विकास कार्यों में रूचि व युवाओं में उनकी बढ़ते जनाधार से भाजपा सहित अन्य पार्टी के कई युवा नेता व कार्यकर्ता अपनी पार्टी छोड़कर किसान ब्रिगेड का दामन थाम रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब पूरा हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा कर्नल मय होगा। इस मौके पर किसान ब्रिगेड मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, युवा ब्रिगेड सदस्य नीरज कुमार सिंह, राम बिलास राम, उपेन्द्र पासवान, प्रिंस ठाकुर और चंपा देवी आ मौजूद थे।

# सीआइएसएफ की छापामारी, लोहा लदा जेसीबी एवं पिकअप वैन जब्त

**झरिया (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के भूलन बरारी बंद रोपवे स्टोर एवं वर्कशॉप में पड़े लाखों रुपये की लौह सामग्री की अपराधियों द्वारा की जा रही चोरी की सूचना पाकर सोमवार को सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम को छापामारी की। मौके पर पहुंच कर जेसीबी और एक पिकअप वैन पर लदा लोहा जब्त किया। हालांकि चोर मौका का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। सूत्रों की माने तो लोह तस्करो का हौसला इस कदर बढ़ा हुआ है कि अब वो दिन के उजाले में ही कोलियरी के बंद रोपवे से छोटे वाहन और जेसीबी मशीन से लोहा टपा रहे हैं। बताते चलें कि लौह सामग्री की चोरी के खिलाफ कई बार ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन व शिकायत की है।

# अरविंद संरक्षक व बबलू गुप्ता बने पूजा कमेटी के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर/पलामू।** लक्ष्मी पूजा के सफल आयोजन को लेकर जूनियर जन जागृति मंडल की सोमवार को बैठक हुई। जिसमें पूजा को विधिवत तरीके से संपन्न कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से अरविंद गुप्ता चुनमुन मंडल को संरक्षक और बबलू गुप्ता को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जबकि छोटू मालाकार और वीरू मालाकार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। सचिव पद के लिए शुभम कुमार और अंकित मालाकार का चयन किया गया। वहीं गोलू चंद्रा और इल्लु गुप्ता को सह सचिव नामित किया गया। पूजा आयोजन की जिम्मेदारियों को सुचारू रूप से निभाने के लिए मनीष रजक, बंटी, आर्यन, छोटू, जानू, अभय, कृष, ऋषि, सोनू, चन्दन, किमी, अनिकेत, विकास, राजा, बीरू और छोटू सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल हैं।

# गतका मार्शल आर्ट्स में जेकेएनएस क्लब ढोरी बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता



पुरस्कार व सर्टिफिकेट के साथ विजेता टीम के सदस्य।

**फुसरो/बेरमो।** प्रथम जिला गतका प्रतियोगिता का आयोजन मां अंबे हॉल, सेक्टर 2/डी में बोकारो गतका संघ के बैनर तले आयोजित हुआ। जिसमें जेकेएनएस क्लब ढोरी के बच्चों के पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 60 बच्चों ने हिस्सा लिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्राचार्य पिट्स मॉडल स्कूल गोमिया के बीएमएल दास ने बच्चों को प्रोत्साहन किया एवं पुरस्कार वितरण किया। विजेता टीम जेकेएनएस क्लब ढोरी, बेरमो प्रथम स्थान, मिथिला अकैडमी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 बोकारो को द्वितीय स्थान, बोकारो मार्शल आर्ट ट्रेनिंग सेंटर एवं डीएवी लालपनिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बोकारो जिला गतका संघ के अध्यक्ष जसमीत सिंह, उपाध्यक्ष उमेश नायडू सचिव नईम अंसारी, कोषाध्यक्ष श्रेया अग्रवाल, निर्णायक कौशल कुमार, अंशु कुमार कार्यकर्ता सूरज कुमार, रितिक कुमार एवं मोहम्मद अजमल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान रहा। इसकी जानकारी जिला गतका संघ के सचिव नईम अंसारी ने दिया। बताया कि जिन बच्चों ने स्वर्ण व रजत पदक हासिल किया है उनका चयन आगामी राज्य गतका प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो हजारीबाग में आयोजन होगा।

## स्पोर्ट्स



# घरेलू क्रिकेट खेलकर फिटनेस साबित करेंगे शमी

## कहा- दर्द पूरी तरह खत्म, पूरी क्षमता से बॉलिंग कर रहा हूं



**गुरुग्राम (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले वे डोमेस्टिक टूर्नामेंट में खेल कर मैच फिटनेस हासिल करना चाहते हैं। कहा कि वे बिना किसी दर्द और पूरी क्षमता से प्रैक्टिस में गेंदबाजी कर कर रहे हैं। शमी ने फरवरी में टखने की सर्जरी कराई थी। वे 2023 वनडे वर्ल्ड के फाइनल के बाद से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। टीम इंडिया को न्यूजीलैंड के साथ घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है। भारतीय टीम को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ में 22 नवंबर से खेलना है। शमी ने सोमवार को गुरुग्राम में यूजेनिक्स हेयर साइंसेज की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपने टखने की चोट को लेकर अपडेट दिया और टीम में वापसी को लेकर अपना प्लान बताया। शमी ने कहा कि बेंगलुरु में भारत-न्यूजीलैंड पहले टेस्ट मैच के बाद रविवार को अभ्यास सत्र में भाग लिया था। कल मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने फैसला किया था कि सही तरीके से और 100 प्रतिशत क्षमता से गेंदबाजी करूं और मैंने ऐसा ही किया। इससे पहले मैं हाफ रनअप लेकर गेंदबाजी कर रहा था। उन्होंने टखने की दर्द के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि अब दर्द नहीं है। उम्मीद है कि मैं जल्द ही अपनी लय में लौट आऊंगा। शमी ने कहा कि अभी ऑस्ट्रेलिया सीरीज दूर है। उससे पहले मेरा फोकस अपने को 100 प्रतिशत फिट रखना है और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पूरी तरह से फिट होकर जाना है।

# पलामू केंद्रीय कारागार में चला सर्च अभियान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने सोमवार की शाम को मेदिनीनगर सेंट्रल जेल (केंद्रीय कारागार) में विशेष सर्च अभियान चलाया गया। इसके तहत जेल के सभी बैरकों एवं कैदियों की तलाशी ली गई, जो लगभग ढाई घंटे तक चली। इस तलाशी अभियान में डीसी, एसपी, एसडीओ, सदर एसडीपीओ एवं शहर थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। इस दौरान जेल के प्रत्येक बैरक और परिसर की गहन तलाशी ली गई। 100 से अधिक पुलिस कर्मियों की टीम ने सर्च अभियान में भाग लिया। जेल में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक सामग्री की उपस्थिति की जांच की गई, लेकिन कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। यह छापामारी विशेष रणनीति के तहत की गई थी, जिसमें जेल के हर बैरक की अलग-अलग टीमें बनाकर तलाशी ली गई। अभियान का नेतृत्व जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जेल में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए इस तरह के सर्च अभियान समय-समय पर किए जाते रहेंगे, ताकि जेल की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**धनबाद (आजाद सिपाही)। पुलिस ने एक अंतर जिला वाहन चोर गिरोह का पर्दाफांस करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार किया है। वाहन चोर गिरोह का जाल देवघर से दुमका तक फैला हुआ है। धनबाद पुलिस ने जाल बिछाया और देवघर जिले से आठ और दुमका जिले से दो चोरी की बाइक भी बरामद की है। गिरोह में काफी शातिर चोर थे, जो धनबाद से बाइक चोरी कर दूसरे जिलों में बेच दिया करते थे। पूरे गैंग का लीडर सनातन रविदास है, जो धनबाद का रहने वाला है। पहले उसी को पुलिस ने पकड़ा। उसके बाद संतोष रजक, सनातन मंडल और कमल हंसदा को गिरफ्तार किया। इनमें से दो देवघर और एक दुमका का रहने वाला है।**

# सिंदरी में फुटबॉल मैच का शुभारंभ



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** कलाली मोड़ में सोमवार को आयोजित फुटबॉल मैच का उद्घाटन झामुमो के जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह ने किया। इससे पहले मुकेश सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना के साथ खेले। जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। जरूरत है उन खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने की। कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को एक मंच मिलता है। ऐसे कार्यक्रम लगातार होने चाहिए, ताकि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भाग लेकर देश दुनिया में नाम रोशन कर सकें। उधर, मैच के विजेता एवं उप विजेता टीम को मुकेश सिंह ने ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उषा देवी, पंसस मोईन काजी, रियाज अली, समीम अहमद, क्लब के जिला अध्यक्ष साबिर आलम, राजू पांडेय, इम्तियाज अहमद, मो ताहिर काजी, नुरुद्दीन काजी आदि मौजूद थे।

### मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर नगर आयुक्त ने की बैठक

# भ्रांतियों को दरकिनार कर निर्भीक होकर मतदान करने का आह्वान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पोषण सखियां अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करेंगी। साथ ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं धनबाद बार एसोसिएशन भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आगे बढ़कर हिस्सा लेगा। इसे लेकर सोमवार को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने झमाडा के सभागार में बार एसोसिएशन एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने न्यू टाउन हॉल में पोषण सखियों के साथ बैठक कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि विभिन्न भ्रांतियों के कारण शहरी क्षेत्र के मतदाता मतदान में कम रुचि दिखाते हैं। जिस कारण मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कम होता है। उन्होंने पोषण सखियों से अपने क्षेत्र के हर मतदाता से घर-घर जाकर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने, एक-एक वोट का महत्व समझाने को कहा गया। इस दौरान पोषण सखियों को बताया गया कि जिनके पास मतदाता पहचान पत्र है पर उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है, वे वोट नहीं दे सकते। जबकि जिनके पास वोटर आई कार्ड नहीं है लेकिन वोटर लिस्ट में नाम है, वैसे मतदाता आयोग द्वारा प्रमाणित 12 अन्य दस्तावेज से मतदान कर सकते हैं। बैठक के समापन पर सभी ने विधानसभा चुनाव में निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने आसपास के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। इस मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी सहित बड़ी संख्या में शहरी क्षेत्र की पोषण सखियां मौजूद थी।



निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ लेती महिलाएं व अन्य।

## झारखंड में एनडीए की सरकार बनने पर संगठित अपराध को समाप्त करना होगी प्राथमिकता : राज

### चौथी बार भाजपा का टिकट लेकर धनबाद पहुंचने पर बैंड-बाजे के साथ हुआ जोरदार स्वागत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा विधायक राज सिन्हा को धनबाद विधानसभा सीट से पार्टी ने चौथी बार टिकट दिया है। टिकट मिलने के बाद वह दिल्ली से सोमवार को ट्रेन से धनबाद पहुंचे। धनबाद रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जालियावाला बाग एक्सप्रेस से दिल्ली से धनबाद पहुंचे विधायक का बैंड-बाजा के साथ अगवानी की गई। यहां बता दें कि राज सिन्हा वर्ष 2014 और 2019 में धनबाद से भाजपा के टिकट पर विधायक चुने गए थे। पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है और उन्हें अपना उम्मीदवार घोषित किया है। ट्रेन से उतरते ही विधायक को फूल की मालाएं पहनाईं गईं। राज समर्थकों ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर जमकर नृत्य भी किया। इस अवसर पर राज सिन्हा ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का ईमानदारी से प्रयास करेंगे। झारखंड में एनडीए की सरकार बनने पर संगठित अपराध को समाप्त करना सरकार की प्राथमिकता होगी। क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि धनबाद में उन्होंने आधारभूत संरचना खड़ा करने का जो संकल्प लिया है, उसे जरूर पूरा करेंगे। धनबाद में बढ़ते अपराध को समाप्त कर व्यवसायियों को भयमुक्त वातावरण मुहैया कराने पर उनका विशेष जोर रहेगा। इसके बाद राज सिन्हा ने धनबाद में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।




**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**(जिला बाल संरक्षण इकाई)**
**Email Id –dcpsramgarh@gmail.com**

–: आवश्यक सूचना :–

बाल कल्याण समिति, रामगढ के पत्रांक 394/बा0क0स0, रामगढ दिनांक 18.10.2024 के आदेश के आलोक में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.10.2024 को गोला थाना अन्तर्गत घटवार टोला, हेसापोड़ा से शारीरिक रूप से अस्वस्थ स्थिति में एक नवजात बालक दुर्गेश (काल्पनिक नाम), उम्र – 15 दिन लगभग, पिता – अज्ञात, माता – अज्ञात मिला जिसे बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। बाल कल्याण समिति, रामगढ़ के आदेशानुसार बच्चे को इलाज के बाद विशेष दत्तक ग्रहण संस्था में बेहतर देखभाल हेतु रखा गया है। बच्चे की पूर्ण विवरणी निम्न प्रकार से है :–



| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | दुर्गेश(काल्पनिक नाम), |
| उम्र | – | 15 दिन |
| पिता | – | अज्ञात |
| माता | – | अज्ञात |
| पता | – | अज्ञात |
| रंग | – | गोरा |
| ऊँचाई | – | 25 से0मी0 |
| लिंग | – | पुरूष |
| वजन | – | 02 कि0ग्रा0 |

उक्त नवजात बच्चे के जैविक माता–पिता/अभिभावक, अगर इस बालक को पहचानते हैं या जानते हैं तो उचित प्रमाण पत्र के साथ अपना दावा विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से दो माह के अन्दर प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा दो माह के पश्चात् बालक को कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त घोषित कर दिया जायेगा, उसके बाद किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

सम्पर्क करने हेतु पता –
1.बाल कल्याण समिति, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101, दूरभाष संख्या – 9504331523।
2.जिला बाल संरक्षण इकाई,समाज कल्याण, बी ब्लॉक, समाहरणालय भवन, छत्तरमाण्डू, रामगढ़, पिन – 825101 दूरभाष संख्या – 8340458591।

PR 339337 Social Welfare,Women and Child Development(24-25).D
ह०/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,रामगढ़

## वाहन के धक्के से बाइक में जा रही महिला की मौत, पति गंभीर

**पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने मृतिका के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे ओवर ब्रिज के समीप फोरलेन सड़क पर अज्ञात वाहन ने सोमवार को बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार जोधाडीह मोड़ के सोलागीडीह निवासी शकीला बीबी (48) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति जमालूद्दीन अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक महिला अपने पति के साथ दावत में श्यामडीह, लेदाटांड जा रहा थी। उधर, घटना के बाद परिजनों व आक्रोशित ग्रामीणों ने धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग को घंटो जाम कर प्रदर्शन किया। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी धीरज कुमार मौके पर पहुंचे और घायल जमालुद्दीन को ईलाज के लिए तत्काल अस्पताल भेजकर ग्रामिणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। पर गुस्साई भीड़ घटना के लिए जिम्मेवार वाहन की जब्ती के साथ मृतिका के परिजनों को तत्काल उचित मुआवजे की मांग पर अड़ी रही। इस दौरान ग्रामीणों का उग्र रूप देख महुदा पुलिस ने मघूबन, बाघमारा, कपूरिया, भाटडीह समेत सभी थानेदारों को घटना स्थल पर तैनात कर दिया। दूसरी तरफ, खबर पाकर राज्य के पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो भी घटनास्थल पर पहुंच गये। उन्होंने पीड़ित परिजनों को समुचित मुआवजा को लेकर ग्रामिणों के समक्ष प्रशासन से वार्ता किया। इस क्रम में थाना प्रभारी धीरज कुमार ने मुआवजे के मामले को लेकर बाघमारा सीओ बाल किशोर महतो को घटनास्थल पर बुलाया एवं संयुक्त वार्ता कराते हुए लोगों को आश्वस्त किया। सीओ ने मृतिका के परिजनों को हीट एंड रन के तहत मिलने वाली सरकारी राशि को अविलंब दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने शोक प्रकट करते पीड़ित परिवार को अपनी ओर से नकद 15 हजार रुपये की मदद की। वहीं, वार्ता खत्म होने के बाद प्रशासन ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।



## एसएसपी ने किया चेक पोस्ट का निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही राज्यसभ में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। इसके बाद से ही जिला पुलिस व प्रशासन की टीम पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। जिले में सीमावर्ती क्षेत्र के अलावा शहर व ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों चेक पोस्ट बनाये गये हैं। अधिकारियों की मानें तो जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां से गुजरने वाले वाहनों की जांच की जा रही है। सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हृदीप पी जनार्दनन ने सिंदरी अनुमंडल अंतर्गत सरसा कुंडी, टासरा घाट, डोमगढ़, सिंदरी बस्ती एवं सुदामडीह चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सिंदरी एसडीपीओ आशुतोष सत्यम भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने स्टेटिक सर्विलांस टीम द्वारा किए जा रहे वाहन जांच पंजी की समीक्षा की और वहां मौजूद पदाधिकारियों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। साथ ही निर्देश दिया कि छोटे-बड़े सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जाए। अगर किसी वाहन से आपत्तिजनक सामग्री या अवैध राशि बरामद होती है, तो उसे जब्त कर तत्काल वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जांच के दौरान वीडियोग्राफी अनिवार्य तौर पर किए जाने को कहा गया। वहीं, निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने वहां तैनात पुलिस पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल के जवानों को एमसीसी के निर्देशों का अनुपालन करते हुए कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया।



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**जिला जनसम्पर्क इकाई, कोडरमा**

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिले में विभिन्न प्रकार के आउटडोर/इन्डोर प्रचार–प्रसार (फलैक्स/बैनर/होर्डिंग्स/ पोस्टर–पम्पलेट, आमंत्रण/संदेश–पत्र/दीवार लेखन/स्टैंडी/कियोस्क इत्यादि) से संबंधित कार्यों हेतु फर्मो को सूचीबद्ध करने एवं दर निर्धारण के लिए अनुभवी एवं निबंधित एजेंसियों/फर्मो से इस कार्यालय के पत्रांक 181 दिनांक 09/10/2024 एवं PR No. 338685 द्वारा दैनिक अखबारों में अल्पकालिन निविदा प्रकाशित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, कोडरमा
उपायुक्त, कोडरमा

PR 339380 (IPRD)24-25*D

## मौका मिला तो अधूरी सभी योजनाओं को पूरा करूंगा: कुमार जयमंगल सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बेरमो विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कांग्रेस की चुनावी सभा सोमवार को जैना और तांतरी उतरी पंचायत के शिव मंदिर परिसर में हुई। जिसमें तांतरी उतरी के मुखिया सह कांग्रेस नेता गिरींद्र मिश्रा भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कुमार जयमंगल सिंह, दूसरी बार बेरमो विस क्षेत्र से भारी मतों से विजयी होंगे। अपने कार्यकाल में स्व राजेद्र प्रसाद सिंह के सपनों को साकार करने का भरपूर प्रयास करते हुए जनहित में विकास का काम किया है। इनके विकास कार्य को देखते हुए अपार जनसमर्थन मिल रहा है। 2024 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, झामुमो एवं अन्य समर्थित पार्टियों के प्रयास से दूसरी बार कुमार जयमंगल सिंह भारी मतों से विजयी होंगे। वहीं, विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि जनता ने मौका दिया तो अगले पांच वर्षों में नये बड़े कारखाने का निर्माण कर एक लाख युवाओं को रोजगार मुहैया करायेंगें। महिलाओं को उचित सम्मान के साथ ही क्षेत्र का और विकास करेंगें। इस मौके पर अशोक मंडल, विधायक के निजी सचिव विनोद महतो, राजेश सिंह, मकुंद केवट, बलराम तिवारी आदि उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन ने महिलाओं को किया प्रशिक्षित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर व्हील क्लब ऑफ माइलस्टोन के सौजन्य से कुसुम विहार, फेज 2 स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल, जूनियर विंग में वयस्क शिक्षा कार्यक्रम (प्रौढ़ शिक्षा) आयोजित किया गया। इस मौके पर इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा कि वयस्क शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य प्रौढ़ व्यक्तियों को शैक्षणिक विकल्प देना है जिन्होंने यह अवसर गवां दिया। महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से वयस्क शिक्षा क्लास आयोजित कर महिलाओं को रेलवे के टिकट के फॉर्म, बैंक में फॉर्म भरने, छोटे-छोटे बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। धनबाद के अन्य स्कूलों, सुदूर स्थानों में संस्था द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं को जरूरी पढ़ाई लिखाई के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-16/2024-25

पत्रांक:– 774 दिनांक :–21.10.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 28.10.2024 के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 29.10.2024 के अपराह्न 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.10.2024 के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Strong room, Counting Hall & Barricading at Chatra College, Dist-Chatra for VidhanSabha General Election 2024 | 21,17,100.00 | 42500.00 | 5000.00 | 01 Months |

PR.NO.339344 Building(24-25):D
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, चतरा।

### जमसं (कुंती गुट) ने रागिनी सिंह को समर्थन देने की घोषणा की

# सिंह मेंशन परिवार झरिया की जनता की सेवा के लिए समर्पित: रागिनी सिंह

## झरिया में विकास के नाम पर केवल लूट-भ्रष्टाचार हुआ : सिद्धार्थ

**कहा : झरिया व झारखंड में भाजपा की जीत पक्की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**झरिया।** झरिया विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रागिनी सिंह को भारी मतों से जीत दिलाने को लेकर बिहार बिल्डिंग कार्यालय में सोमवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) और जनता मजदूर संघ (जमसं-कुंती गुट) ने एक संयुक्त बैठक हुई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह एवं जमसं के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम प्रमुख रूप से शामिल हुए। जमसं (कुंती गुट) के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने अपने पूरे कोलियरी क्षेत्र के मजदूर और संगठन के पदाधिकारियों के साथ रागिनी सिंह का समर्थन करने की घोषणा की। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि आज झरिया की जो स्थिति है वो किसी से छिपी नहीं है। पांच सालों में झरिया में विकास के नाम पर सिर्फ लुट खसोट हुआ है। एक तरफ से सड़क-नाली बनती है तो दूसरी ओर से उखड़ने लगती है। आखिर ठेकेदार भी क्या करे। उसका 50 फीसदी राशि तो कमीशन में ही चला जाता है। वहीं, भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने कहा कि चुनाव आते ही मंईयां सम्मान योजना शुरू हो जाती है। पांच सालों में विकास नहीं होता और चुनाव नजदीक आते ही विकास करने की होड़ लग जाती है। कहा कि भाजपा के कार्यकाल के डिग्री कॉलेज, सड़क, पुल पुलिया का भी काम हुआ जो आज धरातल पर है। चुनाव में बहुत ऐसे भी लोग आते है जो भोली जनता को पानी-बिजली जैसी समस्याओं से निजात दिलाने की बात कर गुमराह करते हैं। आज भी झरिया की जनता पानी बिजली की समस्या झेल रही है। रागिनी सिंह ने हेमंत सरकार को भ्रष्ट और लुटेरी करार देते हुए विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। कहा कि झरिया विधानसभा चुनाव में भाजपा की एक ऐतिहासिक जीत होगी। राज्य में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनेगी। कहा कि सिंह मेंशन परिवार घर से झरिया की देवतुल्य जनता की सेवा करने की भावना से निकलती है। न कि अपने स्वार्थ की भावना से।



जश्रसं व जमसं (कुंती गुट) की बैठक में रागिनी सिंह, सिद्धार्थ गौतम व अन्य।

## बोकारो के डॉ संजय चौधरी बनाये गये संस्कार भारती के अखिल भारतीय मंत्री

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** साहित्य व ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के बिहार-झारखंड क्षेत्र प्रमुख बोकारो के डॉ संजय कुमार चौधरी को अखिल भारतीय मंत्री पद का दायित्व मिला है। जयपुर, राजस्थान में 19-20 अक्टूबर को आयोजित संस्कार भारती की अखिल भारतीय साधारण सभा में संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष पद पर प्रसिद्ध वायलिन वादक मैसूर मंजूनाथ व अखिल भारतीय मंत्री पद पर बोकारो के डॉ संजय कुमार चौधरी को मनोनीत किया गया है। संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई ने नये अध्यक्ष मैसूर मंजूनाथ व नये अखिल भारतीय मंत्री डॉ संजय कुमार चौधरी के मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। बैठक में संस्कार भारती के प्रांतीय चित्रकला सह प्रमुख सरोज मिश्रा, बोकारो अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, सचिव स्वरूप शेखर पांडेय, संगीत प्रमुख अरुण पाठक, नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी, चित्रकला प्रमुख नागेन्द्र सिंह और कोषाध्यक्ष रुपक पांडेय उपस्थित थे।



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(मीडिया कोषांग)**

सूचना

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–15.10.2024 को विधानसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गयी है। दिनांक–15.10.2024 से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में चुनाव प्रचार सामग्रियों के मुद्रण / प्रकाशन के संबंध में निम्नलिखित प्रावधान अभिलिखित है :–

धारा–127"(क) पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रणों पर निर्बन्धन

(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिस के मुख्य पृष्ट पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हों, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को :–
(क) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न तो मुद्रित करायेगा। जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं. अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत कर देता है; तथा
(ख) उस दशा के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न तो मुद्रित कराएगा, जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–
(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को, तथा
(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के जिसमें कि वह मुद्रित की जाती है. जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3). इस धारा के प्रयोजनों के लिए –
(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है. यह समझा जायेगा कि वह मुद्रण है. और "मुद्रक" पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जायेगा, तथा
(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सम्पवर्तित या प्रतिकूलत: प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज जो निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टयों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्या संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अंतर्गत नहीं आता।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबन्धों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि 6 (छ:) मास तक की हो सकेगी या जुर्माने से, जो दो हजार रुपये तक का हो सकेगा, या दोनों से. दण्डनीय होगा।

उपर्युक्त के आलोक में मुद्रक द्वारा प्रिंट सामग्री प्रिंटिंग के तीन दिनों के भीतर चार प्रतियों में प्रकाशक के घोषणा पत्र के साथ नोडल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग (विधानसभा चुनाव, 2024) तथा मीडिया कोषांग, कोडरमा (जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय) को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339351 IPRD(24-25)#D

# 24 को ओड़िशा के तटों से टकरायेगा साइक्लोन दाना

- 120 किमी की रफ्तार से हवा चलेगी
- कल से ही शुरू हो जायेगी भारी बारिश




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंडमान सागर से उठा चक्रवाती तूफान दाना 23 अक्टूबर तक बंगाल की खाड़ी पहुंच जायेगा। 24 अक्टूबर को यह ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के तट से टकरायेगा। मौसम विभाग ने साइक्लोन के लैंडफॉल की जानकारी नहीं दी है। अनुमान है कि यह पुरी से टकरा सकता है। तूफान का दाना नाम सऊदी अरब ने दिया है। दाना का मतलब उदारता होता है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 23 अक्टूबर से ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों पर हवा की रफ्तार 60 किमी तक पहुंचने का अनुमान है, जो 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह तक बढ़ कर 120 किमी हो जायेगी। आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि तूफान के टकराने से एक दिन पहले यानी 23 अक्टूबर को ही भारी बारिश शुरू हो जायेगी। ओडिशा-बंगाल के तटीय इलाके में कुछ स्थानों पर 24-25 अक्टूबर को 20 सेमी बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर 30 सेमी यानी 11 इंच (एक फुट) से ज्यादा बारिश भी हो सकती है।

## लो प्रेशर बनना शुरू

मौसम विभाग ने ओडिशा-बंगाल में मछुआरों को 23 से 26 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आइएमडी ने कहा कि सोमवार (21 अक्टूबर) दोपहर तक अंडमान सागर में लो प्रेशर बनने लगेगा। 22 अक्टूबर तक पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर यह डीप डिप्रेशन में बदल जायेगा। 24 अक्टूबर तक यह साइक्लोन में बदल जायेगा।

## साइक्लोन का 3 राज्यों पर असर

**पश्चिम बंगाल:** पूर्व मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि कोलकाता, हावड़ा, हुगली और झारग्राम में 23 से 24 अक्टूबर के बीच भारी बारिश हो सकती है।

**ओडिशा :** 24 अक्टूबर को पुरी, खुर्दा, गंजम और जगतसिंहपुर जिलों के लिए अलग-अलग भारी से बहुत भारी बारिश (7 से 20 सेमी) के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें अत्यधिक भारी वर्षा (20 सेमी से अधिक) और बिजली के साथ आंधी की संभावना है।

**आंध्र प्रदेश :** मौसम बुलेटिन में कहा गया है कि आंध्र प्रदेश में भी हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

# सोआ के पूर्व छात्रों ने ओड़िशा सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संकाय के कृषि विज्ञान संस्थान से 2020 में उत्तीर्ण सौम्याश आचार्य ने 2022 की ओड़िशा सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त की है, जिसके परिणाम हाल ही में प्रकाशित हुए थे। सफल उम्मीदवारों की सूची में उन्हें 83वां स्थान मिला है।

श्री आचार्य ने 2020 में सोआ आईएएस से कृषि में बीएससी (ऑनर्स) और 2022 में पश्चिम बंगाल कृषि विश्वविद्यालय से कृषि विस्तार में एमएससी पूरी की। उन्होंने 2022 में यूजीसी नेट और 2023 में आईसीएआर नेट में भी सफलता हासिल की। वर्तमान में, वह विश्वभारती विश्वविद्यालय शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल में कृषि विस्तार में पीएचडी कर रहे हैं।

सोमवार को सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज रंजन नायक ने विश्वविद्यालय कार्यालय में उनकी उपलब्धि के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप्त कुमार नंद, आईएएस के डीन प्रो संतोष कुमार राउत, छात्र मामलों के डीन प्रो ज्योति रंजन दास और आइएएस के वरिष्ठ प्रोफेसर सरोज कुमार महांति उपस्थित थे।

# किट में पर्यावरण में आर्सेनिक पर 9वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस-प्रदर्शनी का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पर्यावरण में आर्सेनिक पर प्रतिष्ठित 9वीं अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस और प्रदर्शनी का सोमवार को किट-डीयू में उद्घाटन किया गया, जिसमें 50 देशों के वैज्ञानिकों सहित 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि और 300 प्रतिभागी शामिल हुए। कनाडा के वाटरलू विश्वविद्यालय में हाइड्रोजियोलॉजी के प्रोफेसर एमेरिटस और मुख्य अतिथि प्रो जॉन चेरी ने भूजल प्रबंधन की जटिलताओं पर टिप्पणी की। उन्होंने इन चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्कता और नवाचार का आग्रह करते हुए कहा कि भूजल हमारे पर्यावरण के सबसे जटिल तत्वों में से एक है, और आर्सेनिक संकट मानवता की अपनी विफलताओं का परिणाम है। यह कई अलग-अलग वैज्ञानिक विशिष्टताओं वाला एक बहुत ही सुव्यवस्थित सम्मेलन है। उन्होंने कहा कि किट विश्वविद्यालय प्रोफेसर अच्युत सामंत की एक अद्भुत रचना है। यह संस्थान दुनिया के लिए एक आदर्श है और अपेक्षाकृत नया होने के बावजूद दुनिया में उच्च स्थान पर है।



कांग्रेस में आईआइटी खड़गपुर के शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता प्रो अभिजीत मुखर्जी ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने में पानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल सभी एसडीजी का केंद्रीय स्तंभ है और 2030 तक हमारा लक्ष्य इन लक्ष्यों को पूरा करना है।

केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, स्वीडन के प्रो प्रोसन भट्टाचार्य और कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष ने सम्मेलन के वैश्विक दायरे को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह मंच हमें एक तत्काल पर्यावरणीय चुनौती से निपटने और विविध विचारों का आदान-प्रदान करने की अनुमति देता है, उन्होंने कहा कि स्वीडन, ताइवान, नीदरलैंड और भारत के प्रतिनिधि सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

किट के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने कहा कि जल प्रदूषण की उभरती चुनौतियों को देखते हुए कांग्रेस विशेष रूप से प्रासंगिक है।


केंद्रीय भूजल बोर्ड के पूर्व सदस्य प्रो दीपांकर साहा ने सालाना 250 क्यूबिक किलोमीटर भूजल निकाले जाने के साथ भूजल के सबसे बड़े निष्कर्षक के रूप में भारत की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगाह किया कि भूजल प्रदूषण और कमी देश के लिए गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

उद्घाटन समारोह में इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ ग्राउंडवाटर फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट (आइएसजीएसडी) ने किट और किस के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत को शिक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता में उनके योगदान को मान्यता देते हुए मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की। किट को इसकी उत्कृष्ट हरित पहलों के लिए ग्रीन कैंपस अवार्ड 2024 से भी सम्मानित किया गया।













# संसदीय पैनल ने अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण के मुद्दे पर किट और किस का दौरा किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर संसदीय स्थायी समिति (2024-25), जिसका नेतृत्व डॉ फग्गन सिंह कुलस्ते ने रविवार को किट और किस का अध्ययन दौरा किया। समिति के सदस्यों ने किट विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों का दौरा किया और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) में कई विभागों का निरीक्षण किया।

किस में 40,000 छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए, डॉ. कुलस्ते ने टिप्पणी की, ह्लमैंने भारत और विदेशों में कई संस्थानों का दौरा किया है, लेकिन मैंने कभी किस जैसा कुछ नहीं देखा। यहां के छात्रों द्वारा प्रदर्शित ऊर्जा और कौशल वास्तव में दूसरों के लिए प्रेरणादायक है। एक ही स्थान पर इतने सारे बच्चों को शिक्षित करना और साथ ही उनकी प्रतिभा को निखारना एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने आदिवासी छात्रों को शैक्षणिक और खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए अपनी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने में सक्षम बनाने के लिए संस्थान के प्रयासों की प्रशंसा की। किस भारत के लिए एक अद्भुत और आदर्श संस्थान है। डॉ कुलस्ते ने कहा कि अन्य राज्यों को इस मॉडल को अपनाना चाहिए और संसदीय समिति किस मॉडल को देश भर में लागू करने की दिशा में काम करेगी। समिति की एक अन्य सदस्य, सांसद प्रतिमा मंडल ने अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि मैं किस की यात्रा से बहुत प्रभावित हूं। शिक्षा सामाजिक और राष्ट्रीय विकास का एकमात्र मार्ग है, और किस आदिवासी समुदायों की शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने में एक उदाहरण स्थापित करता है। इस संस्थान में आना एक दिव्य अनुभव जैसा लगा, क्योंकि मैंने इन बच्चों के चेहरे पर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। कार्यक्रम के दौरान किट एवं किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने स्वागत भाषण दिया, जबकि किस विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दीपक कुमार बेहेरा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# जिंदल फाउंडेशन ने शालू जिंदल के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर की सामाजिक संस्था जिंदल फाउंडेशन की ओर से इसकी अध्यक्ष एवं प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कुचिपुड़ी नृत्यांगना शालू जिंदल का जन्मदिन 20 अक्टूबर को देशभर में सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। सामुदायिक विकास के प्रति श्रीमती जिंदल की प्रतिबद्धता के आधार पर, सेवा दिवस के अवसर पर देश भर में जिंदल फाउंडेशन के सभी संस्थानों द्वारा कई सामाजिक कल्याण कार्यक्रम आयोजित किये गये।




इस अवसर पर श्रीमती जिंदल ने समाज सेवा के सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, "मेरे जन्मदिन पर आपकी शुभकामनाओं और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मैं वास्तव में आभारी हूं। आपका सहयोग मुझे समाज के कल्याण के लिए और अधिक कार्य करने की बहुत ताकत देता है। हम सब मिलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं और सामाजिक रूप से वंचित लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।

जिंदल फाउंडेशन की ओर से ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, हरियाणा और देश के अन्य हिस्सों में स्वास्थ्य शिविर, पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए और वयस्कों, अस्पतालों में मरीजों, अनाथालयों के बच्चों को भोजन वितरित किया गया। सामाजिक स्वयंसेवकों, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के छात्रों और पर्यावरणविदों द्वारा हजारों पेड़ लगाये गये। इसके साथ ही फाउंडेशन ने गरीबों को मच्छरदानी, कंबल और साढ़ी भी प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ में ओपी जिंदल हॉस्पिटल्स ने वंचितों तक पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया और वरिष्ठ नागरिक घरों, अनाथालयों और अन्य आश्रय घरों में कई शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान कीं। रायगढ़, अंगुल, पत्रातु और बड़बिल में ओपी जिंदल स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान और कलाकृतियां कार्यक्रम, गोसेबा, अस्पतालों और अनाथालयों में भोजन और कपड़े वितरण किया गया।

जिंदल फाउंडेशन ने टेनसा और कासिया के आदिवासी क्षेत्रों में अपने प्रयासों को बढ़ाया, आदिवासी युवाओं के लिए मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैचों का आयोजन किया और स्थानीय समुदायों की सेवा के लिए एक नई एम्बुलेंस समर्पित की।

आदिवासी बहुल देवझार और बरबिल में जिंदल स्पोर्ट्स हॉस्टल के बच्चों ने श्रीमती जिंदल के सम्मान में अपनी रचनात्मक प्रतिभा व्यक्त करने के लिए पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता सहित कई रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया।

सामुदायिक सशक्तिकरण के लिए शालू जिंदल के निरंतर प्रयासों को देश भर में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनका जन्मदिन मनाकर सम्मानित किया गया है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**